हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 4 फरवरी 2026



# विवाद पर बीच-बचाव करने गए युवक की हंसिया मारकर हत्या, आरोपी पकड़ाया

## मोहला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विजयपुर में एक फरवरी की घटना, आपसी झगड़ा बना कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

वाद-विवाद के दौरान बीच-बचाव करने वाले युवक पर आरोपी ने हंसिया से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विजयपुर में 01 फरवरी को प्रवीण कुमार भुआर्य अपने मित्र विमल मंडावी के साथ ग्राम के सदाराम कोवाची के घर आयोजित एक कार्यक्रम से वापस अपने घर लौट रहा था। रात्रि लगभग 8.10 बजे वे विजय सलामे के घर के पास पहुंचे, जहां विजय सलामे और लोमश मंडावी के बीच आपसी विवाद एवं झगड़ा हो रहा था। दोनों मित्रों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया और लोमश मंडावी को उसके घर तक छोड़ने गए।

### ताबड़तोड़ किया हमला

वापसी के दौरान लोमश मंडावी अपने घर से सब्जी काटने वाले धारदार हंसिया को लेकर बाहर आया और गुस्से में प्रवीण कुमार से विवाद करते उस पर हंसिया से हमला कर दिया। हमले में प्रवीण कुमार के पेट एवं दाहिने हाथ की उंगली में गंभीर चोट आई। घायल को तत्काल सीएचसी मोहला में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

### खास बातें

- गांव में आयोजित कार्यक्रम से वापस लौटते दो लोगों के बीच विवाद को शांत कराने के बाद आरोपी ने घर से हंसिया लाकर किया हमला



### जेल भेजा गया आरोपी

इस मामले में प्रार्थी धीरज कुमार पिता नकुल भुआर्य 27 वर्ष निवासी विजयपुर थाना मोहला की रिपोर्ट पर थाना मोहला में मर्ग धारा 194 बीएनएसएस कायम कर जांच प्रारंभ की गई। विस्तृत जांच में आरोपी लोमश कुमार मंडावी पिता ब्रम्हाराम मंडावी 24 वर्ष निवासी विजयपुर द्वारा अपराध किया जाना पाए जाने पर उसके विरुद्ध धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

**पुलिस टीम ने पकड़ा, हंसिया बरामद**

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पिताम्बर पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ताजेश्वर दीवान एवं थाना प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चंद्रा के निर्देशन में टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी की गई। मुखबीर की सूचना पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते 2 फरवरी को आरोपी लोमश कुमार मंडावी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसमें आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार हंसिया बरामद कर विधिवत जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

---

### जल्द हो सकता है दामों में बदलाव का आदेश जारी

# प्रदेश शासन को भेजा प्रस्ताव, 50% तक गिरेंगे जमीनों के सरकारी दाम!

## जिला मूल्यांकन समिति ने बैठक कर तैयार किया दर के लिए प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले नवंबर में प्रदेश सरकार द्वारा बढ़ाए गए जमीनों के सरकारी दाम में बदलाव के संकेत मिले हैं। प्रदेश सरकार के निर्देश बाद जिला प्रशासन ने समिति की बैठक कर प्रस्ताव तैयार करने पश्चात प्रदेश मूल्यांकन समिति को भेज दिया है। सूत्रों के अनुसार जमीनों के दामों में 50 फीसदी से अधिक गिरावट देखने को मिल सकती है। जिसका सीधा असर जमीन कारोबार पर देखने को मिलेगा। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि अगले एक सप्ताह के भीतर नई दर सूची जारी कर दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि करीबन सात सालों बाद नवंबर 2025 में प्रदेश सरकार ने जमीनों के सरकारी दाम में बड़ा इजाफा कर दिया था। जिसका पहले दिन से ही विरोध भी शुरू हो गया था। करीबन तीन सप्ताह तक विरोध-प्रदर्शन के बाद सरकार ने अपने निर्णय को बदलते हुए जिला प्रशासन पर छोड़ा कि नए सिरे से दर तय करने के लिए जिले से प्रस्ताव मंगाए जाएंगे। दिसंबर महीने के पहले सप्ताह में निर्देश जारी होने के बाद अब दो महीने बाद जिला प्रशासन ने अपनी तरफ से प्रस्ताव बनाकर प्रदेश मूल्यांकन समिति को भेज दिया है।

### यह निर्देश किए थे जारी

ज्ञात हो 8 दिसंबर को निर्देश जारी कर केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने जिला मूल्यांकन समितियों को यह भी निर्देशित किया था कि हाल ही में दरों में वृद्धि के बाद प्राप्त आपत्तियों, ज्ञापनों और सुझावों का परीक्षण कर 31 दिसंबर तक गाइडलाइन दरों में पुनरीक्षण के प्रस्ताव भेजें। इन प्रस्तावों का विश्लेषण कर बोर्ड आगामी गाइडलाइन दरों पर अंतिम निर्णय लेगा। जिसके बाद अब जिले से प्रस्ताव भेजा गया है।




### रायपुर-कोरबा में बदली दर

ज्ञात हो कि प्रदेश के दो महत्वपूर्ण जिले रायपुर और कोरबा में पिछले सप्ताह ही जमीन के सरकारी दामों में बदलाव का आदेश जारी किया गया है। इन दो जिलों से आए प्रस्ताव पर मुहर लगाकर आदेश जारी किया गया। जिसके बाद से ही अन्य जिलों में भी दबाव बढ़ गया था। यही करण है कि राजनांदगांव जिला प्रशासन ने भी तत्काल बैठक कर अपनी तरफ से प्रस्ताव तैयार कर भेज दिया है।

### जमीन कारोबार पर बड़ा असर

पिछले साल 18 नवंबर को जमीनों के सरकारी दर पर बड़ा बदलाव किया गया। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक जमीनों के दाम 200 से 300 फीसदी तक बढ़ा दिए गए। एक झटके में इतने दाम बढ़ने का सीधा असर जमीन कारोबार पर देखने को मिला। जमीन के पंजीयन का शुल्क दो से तीन गुना होने के चलते लोगों ने अपने सौदे रद्द करना शुरू कर दिया था। यही कारण था कि जमीन कारोबारी लगातार इस निर्णय का विरोध कर रहे थे।

### पहले हो चुका यह बदलाव

ज्ञात हो विरोध के बाद 8 दिसंबर को बैठक में निर्णय लिया गया था कि नगरीय क्षेत्रों में 1400 वर्ग मीटर तक के भूखंडों की इंक्रीमेंटल आधार पर गणना वर्तमान प्रणाली को समाप्त कर दिया जाए। अब पुनः पूर्व प्रचलित उपबंध लागू होंगे, जिसके तहत नगर निगम क्षेत्र में 50 डेसिमल, नगर पालिका में 37.5 डेसिमल और नगर पंचायत में 25 डेसिमल तक स्लैब दर से मूल्यांकन किया जाएगा। इस बदलाव से मूल्यांकन प्रक्रिया सरल होने के साथ ही पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

---

### बेतरतीब वाहनों की पार्किंग, दुर्घटनाओं की आशंका

# सर्विस लेन में लग रही वाहनों की कतार, लगा रहा जाम, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के सर्विस लेन में यातायात व्यवस्था अस्त-व्यस्त बनी हुई है। बेतरतीब वाहनों की पर्किंग, लोडिंग-अनलोडिंग के चलते जहां जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। वहीं दुर्घटनाओं की भी आशंका बनी रहती है। आए दिन इस तरह की स्थिति से आम वाहन चालकों को आवागमन करने के लिए हलाकान होना पड़ जाता है।

शहरी सीमा क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे में बने सर्विस लेन में यातायात अव्यवस्था इस तरह है कि आए दिन लोगों को हलाकान होना पड़ रहा है। आलम यह है कि सर्विस लेन में अव्यवस्थित रूप से दुकानों के सामने खड़ी भारी-हल्की वाहनों के चलते जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। खासकर जिन स्थानों पर सिग्नल लाईट लगी हुई है, वहां से लेकर आगे तक यही स्थिति निर्मित रहती है।



### सिग्नल पास यातायात का दबाव

सर्विस लेन रामदरबार चौक से लेकर नया बस स्टैंड तक, इधर नए बस स्टैंड से लेकर रामदरबार तक आए दिन समस्या बनी रहती है। खासकर दोपहर से देर शाम तक बड़ी संख्या में लोगों का इस मार्ग से आवागमन होता है, जाम की स्थिति बनी रहती है। सर्विस लेन में ही कई वाहन चालकों को रॉग साईड से आवागमन करते देखा जाता है। जिससे दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है। पूर्व में सर्विस लेन में दुर्घटनाएं हो भी चुकी है। नए बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, पोस्ट आफिस चौक से लेकर भदौरिया चौक क्षेत्र में इस तरह की स्थिति से वाहन चालकों को रोज सामना करना पड़ रहा है।

### सड़क पर ही सवारी

एक ओर नए-पुराने बस स्टैंड के पास सर्विस लेन में यातायात का जबर्दस्त दबाव बना रहता है। यात्रियों को सवारी करने वाले बस स्टैंड परिसर के अलावा सर्विस लेन में भी वाहनों को खड़ी कर यात्रियों को उतारने और बिठाने खड़े रहते हैं। जिसकी वजह से यहां से आवागमन करने वाले अन्य वाहन चालकों को कुछ देर रूकना पड़ जाता है और उसके पीछे वाहनों की कतार लग जाती है। कई बार तो सिग्नल लाईट तक कतारें रहती है।

### किसी भी समय लोडिंग-अनलोडिंग

बताया गया कि सर्विस लेन से ही लगे कई दुकानों के सामने में हल्के व भारी वाहन बेतरतीब खड़े रहते हैं। लोडिंग-अनलोडिंग का कार्य दिनभर धड़ल्ले से किया जाता है। जाम लगने का यह भी बड़ी वजह माना जा रहा है। खासकर सुबह से देर शाम तक इस तरह की स्थिति निर्मित रहती है। वहीं छोटे यात्री वाहनों द्वारा भी सवारियों को वाहनों में बिठाने के लिए सर्विस लेन में कहीं भी वाहनों को रोक दिया जाता है। सर्विस लेन सकरी होने की वजह से आए दिन यातायात का जबर्दस्त दबाव बना रहता है।

---

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने किया 30 पौवा शराब बरामद

**राजनांदगांव।** छुरिया शराब भट्टी से अन्य शराब पीने वाले व्यक्तियों के माध्यम से शराब खरीदकर भारी मात्रा में शराब अपने पास रखकर साइकिल से अवैध रूप से ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। जिससे 30 पौवा शराब बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 3 फरवरी को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति साइकिल में छुरिया शराब भट्टी से अन्य शराब पीने वाले व्यक्तियों के माध्यम से शराब खरीदकर भारी मात्रा में शराब अपने पास रखकर अवैध रूप से लेकर जा रहा है।

**झोले में था शराब**

सूचना प्राप्त होने पर थाना छुरिया पुलिस त्वरित कार्रवाई करते छुरिया के रॉयल किड्स स्कूल के पास पहुंचकर घेराबंदी कर साइकिल सवार संदेही के आने पर उसे रोककर नाम-पता पूछने पर अपना नाम कामता निषाद 39 निवासी ग्राम नारायणगढ़ चौकी चिचोला का होना बताया। जिसका चेकिंग करने पर साइकिल के कैरियल पर रखे काला झोला की तलाशी लेने पर 30 पौवा शराब, जिसमें गोआ शराब 10 पाव एवं देशी प्लेन शोले शराब 20 पाव बरामद हुआ। शराब रखने के संबंध में नोटिस देने पर शराब रखने और परिवहन करने का कोई दस्तावेज नहीं होने से आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम 34(2) का पाए जाने से 30 पौवा शराब कीमती 2,800 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त साइकिल को जब्त किया गया।

---

# पुलिस महानिरीक्षक ने किया थानों का निरीक्षण

### सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम में शामिल हुए आईजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज बालाजी राव सोमावार को जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी का प्रथम आगमन हुआ। इस दौरान घोर नक्सल प्रभावित ग्राम मुचर में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां वे उपस्थित रहे। उन्होंने थाना अं.चौकी, मदनवाड़ा, सीतागांव, कोहका का आकस्मिक निरीक्षण भी किया।

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज बालजी राव सोमावार के आगमन पर थाना मदनवाड़ा क्षेत्र अंतर्गत घोर नक्सल प्रभावित ग्राम मुचर में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक बालाजी राव सोमावार स्वयं उपस्थित होकर ग्रामीणों से संवाद किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, आइटीबीपी कमांडेंट बुद्धिप्रकाश बडाया, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मानपुर विनोद कुमार मिंज द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत सार्वजनिक कार्यक्रमों में उपयोग हेतु भोजन परोसने के लिए बर्तनों का सेट ग्रामीणों को भेंट किया।



### बांटे खेल सामग्री

सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत स्कूल के बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें खेल सामग्री वितरित किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ हमें खेल पर भी ध्यान देना चाहिए, क्योंकि खेल से हमारा समग्र विकास होता है। ग्रामीणों द्वारा पुलिस के इस मानवीय एवं विश्वास निर्माण के प्रयास की सराहना की गई।

### नक्सल आत्मसमर्पण नीति की दी जानकारी

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा ग्रामीणों को राज्य सरकार की नक्सल आत्मसमर्पण नीति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण आईटीबीपी कैंप, थाना, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कलेक्टर कार्यालय अथवा राजनांदगांव स्थित आईजी कार्यालय में किसी भी स्थान पर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांव में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सुरक्षा कैंप में तैनात अधिकारियों से संपर्क करें। कार्यक्रम में भुनेश्वर कश्यप, खोमन भंडारी, चंदा मांडवी, महेश्वरी धुर्वे महका, रामसिंह कुमेटी, पवन उसारे, मानुराम कुमेटी सहित ग्रामीण जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

# मितानिनों को नहीं मिल रही राशि कलेक्टर के नाम पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लंबे समय से मितानिनों को प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने और दावा राशि में कटौती किए जाने के मामले को लेकर आज बड़ी संख्या में डोंगरगांव ब्लॉक की मितानिनों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन के माध्यम से मितानिन प्रोत्साहन राशि और हेल्प डेक्स फेसिलिटेयर की क्षतिपूर्ति राशि दिलवाने मांग की।

लगभग सौ की संख्या में विकासखंड डोंगरगांव की मितानिन बहने आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची और यहां उन्होंने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते प्रोत्साहन, दवा और क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की मांग की। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची मितानिन अनीता सोनकर, सोनिया साहू, अनीता चक्रधारी और जुगन साहू ने कहा कि मितानिन बहनों को जून का पैसा दिसंबर में दिया गया। वहीं हड़ताल अवधि के एक माह का वेतन काट दिया गया। उन्होंने कहा कि 01 साल से काम का भुगतान कम किया जा रहा है। कार्य का जितना पैसा बनता है, उतना नहीं दे रहे हैं। जिससे उनके सामने आर्थिक संकट गहराया हुआ है।

### एक वर्ष से हो रही समस्या



मितानिनों ने अपने ज्ञापन में कहा कि प्रोत्साहन राशि पिछले एक वर्ष से जितना दावा बनता है, उतना नहीं दिया जा रहा है। आधा राशि आ रहा है और शेष राशि पिछले एक वर्ष से नहीं मिला है। मितानियों ने मांग की है कि हर माह की पूरी दवा राशि दिलाया जाए।

### 4 माह की राशि दिलाने मांग

मितानिन कार्यक्रम के अंतर्गत कार्य करने वाली डोंगरगांव की ब्लॉक समन्वयक, स्वस्थ्य पंचायत समन्वयक और हेल्प डेक्स फेसिलिटेयर ने अपने ज्ञापन में कहा कि पिछले 4 माह से उन्हें राशि नहीं मिली है। उन्होंने अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर और जनवरी माह की क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की मांग की है।

---

### सभी सीबीएसई स्कूलों को पोर्टल में डालनी होगी जानकारी

# स्कूलों को बताना होगा-भवन कैसा, फीस कितनी?

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने एक बार फिर अपने सभी संबद्ध स्कूलों को सख्त निर्देश जारी किया है। बोर्ड ने स्कूलों से कहा है कि वे अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक सूचना जो पालकों को जाननी आवश्यक है, से जुड़ी जानकारी अनिवार्य रूप से अपडेट करें। सीबीएसई ने साफतौर पर कहा है कि अगर निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो संबंधित स्कूलों पर कार्रवाई हो सकती है।




बोर्ड के मुताबिक कई स्कूलों की वेबसाइट पर अब भी शिक्षकों से जुड़ी पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं है। जबकि नियमों के अनुसार शिक्षकों के नाम, उनकी शैक्षणिक योग्यता, नियुक्ति की स्थिति और स्व-प्रमाणित दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड करना जरूरी है। यह निर्देश सीबीएसई द्वारा पहले भी कई बार सर्कुलर के माध्यम से जारी किया जा चुका है और संबद्धता संबंधित नियमों में भी इसका स्पष्ट उल्लेख है।

सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि यदि स्कूल ये जानकारी अपलोड नहीं करते हैं, तो बोर्ड एफिलिएशन (संबद्धता) वापस लेने या जुर्माना लगाने जैसी सख्त कार्रवाई कर सकता है। यह कदम अभिभावकों को सूचित निर्णय लेने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए उठाया गया है। स्कूलों को अपने वेबसाइट पर 15 फरवरी 2026 तक अद्यतन जानकारी डालनी होगी।

### छात्र-शिक्षक अनुपात

निर्देशों में यह भी कहा गया है कि शिक्षक-छात्र अनुपात 30:1 से अधिक नहीं होना चाहिए। साथ ही प्रत्येक सेक्शन के लिए कम से कम 15 शिक्षक अनिवार्य रूप से होने चाहिए। इसका मकसद यह है कि छात्रों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सके। सीबीएसई का कहना है कि यह जानकारी अभिभावकों के लिए बहुत जरूरी है, ताकि वे स्कूल की पारदर्शिता और शिक्षा की गुणवत्ता को समझ सके। बोर्ड ने चेतावनी दी है कि अगर कोई स्कूल इन निर्देशों का पालन नहीं करता है, तो दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

### फीस-छात्रों की संख्या जरूरी

सीबीएसई ने यह भी कहा है कि स्कूल की वेबसाइट पर सिर्फ शिक्षकों की जानकारी ही नहीं, बल्कि स्कूल की संबद्धता स्थिति, उपलब्ध इंफ्रास्ट्रक्चर, फीस का विवरण, कक्षावार छात्रों की संख्या और संपर्क से जुड़ी जानकारी भी सार्वजनिक होनी चाहिए। यह सभी जानकारियां संशोधित प्रारूप में अपलोड की जानी है। बोर्ड ने स्कूलों को फरवरी तक का समय दिया है, ताकि वे अपनी वेबसाइट पर सभी जरूरी जानकारियां अपडेट कर सके। हाल ही में की गई जांच और मॉनिटरिंग के दौरान यह पाया गया कि कई स्कूलों में शिक्षकों की योग्यता से जुड़ा डेटा वेबसाइट पर नहीं था, जिसे सीबीएसई ने गंभीर मामला माना है।

**संजीवनी** नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
**डॉ. किशोर सांगोड़े**
MBBS, MD (Internal Medicine)
• ब्लड प्रेशर • शुगर • थायराइड
• बुखार • खांसी • छाती रोग
• पेट रोग • किडनी • लकवा • माइग्रेन
• श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या • नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### सेवा भजन मंडली का पुनर्गठन

**एलबी नगर।** जय चांदी पाठ सांई सेवा ग्वाल जस पचरा सेवा भजन मंडली चांदो के चुनाव गत दिनों संपन्न हुए। चुनाव में बरमदास साहू अध्यक्ष एवं सचिव देवकुमार साहू निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष जनक लाल साहू बने। सदस्य गणेश राम भोयर, राकेश साहू, हंसराज भोयर, राकेश ऊके, मन्नुलाल साहू, अमन साहू, मुकेश कुमार साहू, टोकेश साहू, मनोज कुमार साहू हैं।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**टाटेकसा।** बागनदी थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे पर एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मौत की खबर से गांव में मातम पसर गया। मृतक सुकलाल पडोती पिता सोमनाथ लगभग ग्राम खैरबना निवासी था जो बागनदी निजी काम के लिए गया था। वापसी के दौरान बोदालदंड रास्ते के पास अज्ञात वाहन ने युवक को कुचल दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

### आदिवासी समाज भारत की धरोहरः संजय



**छुरिया।** बोईरडीह में आदिवासी समाज ने बूढ़ा देव के प्राणप्रतिष्ठा का तीसरा साल पूरा होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा थे। इस दौरान जनपद सदस्य सीमा यादव, राजेश्वर ध्रुव मौजूद थे। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि गोंड आदिवासी समाज भारत का प्राचीनतम समाजों में से एक है। इस समाज की समृद्ध संस्कृति, प्रकृति-प्रेम और ऐतिहासिक विरासत है। इस अवसर पर सरपंच भीषम शोरी, चंद्रशेखर मंडलोई, सियाराम सिन्हा, महासिंग, सुफल शोरी, कुमाल नेताम, मोती मंडावी, संतोष सिन्हा मौजूद थे।

### कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

**मोहला।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी 7 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 8 से 10 फरवरी तक होगी। प्रवेश परीक्षा आगामी एक मार्च को होगी।

### कार्यकर्ता से मिलने पहुंची महिला मोर्चा अध्यक्ष



**साल्हेवारा।** भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उमा चौबे गत दिनों अपने पति अधिवक्ता रमाकांत चौबे एवं अन्य परिजनों के साथ साल्हेवारा पहुंची। उन्होंने संगठन के विस्तार को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की । श्रीमती चौबे ने रविन्द्र शर्मा के निधन पर शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदना व्यक्त की। तत्पश्चात अधिवक्ता दिलीप शुक्ल के पुत्र शनि शुक्ला से मुलाकात की। हाल में उनके हाथ का ऑपरेशन हुआ है। श्रीमती चौबे ने शनि शुक्ला का हालचाल जाना और उत्साहित किया। इस मौके पर दिलीप शुक्ला, उषा शुक्ला, शनि शुक्ला, हिमांशु शुक्ला मौजूद थे। मेल मुलाकात के श्रीमती चौबे ने धाँसकुँवा पहुंचकर प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन किया।

### कांग्रेस नेताओं ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# कांग्रेस समर्थित वोटरों के नाम हटवाने का खुलासा, भड़के नेता

## नेताओं ने लगाया वोट चोरी का गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया

एसआईआर प्रक्रिया के बाद फॉर्म-7 का दुरूपयोग करते हुए कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की कोशिश का खुलासा हुआ है। इस खुलासे के बाद हड़कंप मच गया है। कांग्रेस नेताओं ने इस मामले के उजागर होने के बाद तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को 52 पेज के दस्तावेज़ी साक्ष्यों के साथ शिकायत की है।

जानकारी के अनुसार मामले की जानकारी मिलने के बाद कांग्रेसी नेता, कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी रेस्ट हाउस में एकत्रित होने के बाद तहसील कार्यालय पहुँचे। जिला इंका अध्यक्ष विपिन यादव, विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक छन्नी साहू, जिला इंका महामंत्री राहुल तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रितेश जैन के तहसील कार्यालय पहुँचे और मामले की शिकायत की।



#### मामले की जांच का आश्वासन

तहसीलदार वसीम सिद्दीकी एवं थाना प्रभारी श्री पटेल ने सौंपे गए दस्तावेजों की गंभीरता को देखते हुए मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला इंका महामंत्री पंकज बाँधव, चुम्मन साहू, जिला इंका प्रवक्ता अनीस खान, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू, तरुण सिन्हा, एकनाथ सिन्हा, ललित साहू, अमित अग्रवाल, पूरन नेताम, विनोद मंडलोई, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कुमर्दा प्रताप धावड़े, पूर्व नपं अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा, पार्षद दबिज खान, सोनू खान, रोशन ठाकुर, राधे ठाकुर, जावेद मेमन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष चन्द्रिका वर्मा सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

#### वोट चोरी का प्रयास

इस मौके पर पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा कि फॉर्म-7 के माध्यम से मतदाताओं के नाम हटाने का यह प्रयास वोट चोरी की मानसिकता का खुला प्रमाण है। यदि शीघ्र अपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं किया गया तो कांग्रेस आमरण अनशन करने जैसा कदम उठाने बाध्य होगी। जिला इंका अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि यह प्रयास केवल चुनावी अनियमितता नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने वाला गंभीर अपराध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रायपुर प्रवास के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज जी ने एसआईआर प्रक्रिया की निगरानी करने कहा था। श्री बैज के निर्देशानुसार पड़ताल करने पर मामले का खुलासा हो सका है।

#### नाम हटवाने का प्रयास

कांग्रेस नेताओं ने अपनी शिकायत में बताया कि खुज्जी विधानसभा अंतर्गत आने वाले गैंदाटोला, जोशीलमती, दैहान, खोराटोला, हैदलकोड़ो, पठानढोड़गी एवं पुर्रामटोला आदि गांव के कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटवाने का प्रयास किया गया है। ज्ञापन के साथ दस्तावेज सौंपकर बताया गया कि भाजपा समर्थित व्यक्तियों द्वारा विधिवत आवेदन देकर कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम हटाने का षड्यंत्र किया गया। प्रस्तुत साक्ष्यों में आवेदक, , उसका मतदाता परिचय पत्र तथा जिन मतदाताओं के नाम विलोपित करने का प्रयास किया गया है, की जानकारी दी है।

# लोगों को रास आ रही टेक्स वसूली प्रणाली

- पांच महीने में नपं को मिले 22 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव



नगरीय प्रशासन विभाग के मार्गदर्शन में शुरू की गई टेक्स वसूली प्रणाली लोगों को काफी रस आ रही है। जो लोग पहले टेक्स अदा करने में टालमटोल करते थे वह अब कार्यालय पहुंचकर टेक्स का भुगतान कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि स्थापना के बाद से हाल के महीनों तक कर्मचारियों के माध्यम से टेक्स की वसूली किया जाता रहा है। हाल ही में नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देश पर आनलाइन टेक्स वसूली सिस्टम लागू किया गया है। नगर पंचायत के सीएमओ विनम्र जेमा ने बताया कि सितम्बर से मैनुअल रसीद काटना बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सितम्बर से जनवरी तक कार्यालय आकर 683 करदाताओं ने 1880553 रुपए अदा किया। वहीं 78 ने 266643 रुपए का भुगतान यूपीआई, एक ने 30816 रुपए चेक और एक करदाता ने 11495 रुपए का भुगतान नेट बैंकिंग के माध्यम से किया। बीते पांच महीने में नगर पंचायत को 2189507 रुपए प्राप्त हुए जबकि पूर्व में काफी कम राशि वसूल हुआ करती थी।

#### कड़ी कार्रवाई की तैयारी

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत ने बड़े बकाया करदाताओं को भुगतान करने के लिए छ.ग. नगरपालिका अधिनियम की धारा 165 अंतर्गत डिमांड नोटिस जारी किया था। नोटिस में 15 दिन में भुगतान करने कहा गया था। नोटिस के बाद बकायाकर अदा नहीं करने वालों की सूची तहसीलदार को भेजकर चल अचल संपति कुर्क करने वारंट जारी कहा गया है।

#### मिली बकाया राशि की जानकारी

नया सिस्टम लागू होने के बाद प्रशासन ने हर करदाता को बकाया राशि की जानकारी भेजा है जबकि पहले लोगों यह नहीं मालूम होता था कि उन्होंने कब तक के कर का भुगतान किया है? और कितना बकाया है? देखने में आ रहा था कि राशि अदा करने के बाद भी पंजी में एंट्री नहीं होने के कारण बकाया ही दर्ज रहता था। गड़बड़ी की आशंका होने पर करदाता को ही रसीद पेश करने कहकर अमला अपना पल्ला झाड़ लेता था।

# तालाब से मुरूम के खनन की शिकायत




**खुज्जी।** ग्राम पंचायत शिकारीमहका में सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग और नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने सरपंच के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एसडीम से शिकायत की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के दो सरकारी तालाबों के अस्तित्व के साथ खिलवाड़ करते हुए बिना किसी अनुमति के मुरूम का खनन कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि सोसायटी के पास स्थित दो सरकारी तालाबों की मेढ़ को जेसीबी मशीनों से खोदकर मुरूम निकाला जा रहा है। आरोप है कि अब तक लगभग 500 ट्रिप मुरूम का खनन कराया जा चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि इसके लिए न तो ग्राम पंचायत में प्रस्ताव किया गया है और न ही खनिज विभाग से अनुमति ली गई है।

#### सरकारी काम में उपयोग

शिकायत में बताया गया है कि मुरूम का उपयोग सोसायटी के चौड़ीकरण, पटान कार्य और विद्युत विभाग के सब-स्टेशन में किया जा रहा है। यह कार्य एक ठेकेदार के माध्यम से किया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जांच की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान चैनसिंह सिन्हा, लवन लाल, पालन सिन्हा, विजय सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

### बम्लेश्वरी हॉस्पिटल में आर्थोपेडिक सर्जरी

**डोंगरगढ़।** माँ बम्लेश्वरी हॉस्पिटल में 2 दिन में चार आर्थोपेडिक सर्जरी की गई।



सफल सर्जरी से हड्डियों और जोड़ों से जुड़ी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को बड़ी राहत मिली है। जानकारी के अनुसार सर्जरी में घुटने और फीबुला प्लेटीन, टीबीडब्ल्यु से संबंधित आपरेशन शामिल था। अस्पताल के डॉ प्रियांषु पांडे, डॉ सिद्धार्थ बेनर्जी और सहायक खिलावन वर्मा, विनेश्वरी, पूजा, राधेश्याम, देविका थे। डॉक्टरों ने बताया कि आधुनिक तकनीक के साथ जटिल आपरेशन किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि आपरेशन के बाद मरीजों की स्थिति स्थिर है।जल्द ही मरीज सामान्य स्थिति में आ जाएंगे।

# कर्मचारियों को नहीं मिला चार माह से वेतन

- एसआईआर में ड्यूटी से वसूली प्रभावित
- निकाय की व्यवस्था पटरी से उतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

नगर पंचायत के कर्मचारियों पिछले चार माह से वेतन नही मिला है। अक्टुबर से नियमित वेतन नही मिलने से निकाय के रेगुलर एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों की माली हालत खराब हो गई है। निकाय के कर्मचारी पिछले तीन माह से मूल काम को छोड एसआईआर में लगे हैं जिससे राजस्व वसूली प्रभावित हो गई है और वेतन अटक गया है।

स्थानीय नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी चार माह से वेतन का बाट जोह रहे हैं। कर्मचारियों को अक्टूबर माह से वेतन नहीं मिला है। नगर पंचायत के नियमित कर्मचारी जलील अहमद रब्बानी, तिलक यादव, सोफू जिलानी, जीवन पटेल, पीर खान, रघुवेन्द्र खरे, हेमंत अमिला, रामकुमार देवागन, कंचन लकडा, एस. कुरैशी, लोकेश सलामे, रामसाय पटेल, निजाम साय, सुरेन्द्र सिन्हा, मकबूल खान, कृष्णा पटेल, विनोद ढालेन्द्र आदि ने बताया कि वेतन नही मिलने से उनकी स्थिति दयनीय हो गई है। कर्मचारी कर्ज से लद गए है। कुछ की हालत इतनी खराब है की वह परिजनों का उपचार नहीं करा पा रहे है।



#### एसआईआर में फंसे कर्मी

एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद से सीएमओ, उपयंत्री, राजस्व निरीक्षक, आपरेटर, लिपिक, सफाई दरोगा आदि की डयूटी लगा दी गई है। एसआईआर में डयूटी लगने से निकाय के मूल कार्य बाधित हो गए है। राजस्व वसूली बंद हो गई है जिससे वेतन के लाले पड़ गए हैं।

#### दो कर्मचारियों ने नौकरी छोड़ी

कर्मचारियों पर कुछ माह से काम का प्रेशर बढ गया है जिसका विरोध शुरू हो गया है। एसआईआर का दबाव इतना है कि कर्मचारियों को बिना सूचना के गायब होने एवं मोबाईल बंद करने पर नोटिस मिलने लगी है। पिछले दो माह में काम के दबाव के चलते विद्युत विभाग प्रभारी एवं तकनीकी शाखा के एक आपरेटर ने नौकरी छोड़ दी है।

#### उधार लेकर बेटी का उपचार

निकाय के कर्मचारी सुरेन्द्र सिन्हा ने बताया कि उनकी बेटी की डिलवरी हुई है। बेटी के आपरेशन और उपचार के लिए उधार लेना पड रहा है। श्री सिन्हा ने बताया कि उन्होंने एक या दो माह का वेतन मांगा था जो भी नहीं मिला।

# रजत जयंती समारोह में बिजली उपभोक्ताओं का सम्मान

**खड़गांव।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर 2 फरवरी को स्थानीय वितरण केंद्र में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष पुष्पा मंडावी, मानपुर जनपद की सभापति सईदा बेगम, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बालचंद्र कोरेटी, गजराजसिंह धुर्वे, सरपंच कोसमी हीरालाल धुव, व्यापारी संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता सहित अन्य शामिल हुए। समारोह में विद्युत विभाग ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजनों को दी। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना, बीपीएल घरेलू, गैर घरेलू उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर विभिन्न योजनाओं हेतु पंजीयन कराया। अधिकारियों ने योजनाओं के लाभ, प्रक्रिया एवं भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम कार्यपालन अभियंता अनिल रामटेक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। संचालन कनिष्ठ अभियंता अविनाश जेठवानी, कनिष्ठ अभियंता मानपुर भावना मांडवी ने किया।



## आयोजन में शामिल हुए ग्रामीण

# पुरैना में वेदमंत्रों के साथ संपन्न हुआ गायत्री यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुसरा

पुरैना में तीन दिवसीय संगीतमय श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया।

पहले दिन सुहागिन महिलाओं और बहनों ने सिर पर कलश धारण कर ग्राम की परिक्रमा करते हुए यज्ञ स्थल पहुंची।शाम को श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।मुख्य वक्ता जिला प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा ने कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पूज्य गुरुदेव द्वारा रचित यह ग्रंथ अति पावन है जिसके श्रवण मात्र से जीवन की व्यथा मिट जाती है। दृष्टिकोण में परिवर्तन आ जाता है। इंसान जैसा सोचता है और करता है एक दिन वह वैसा ही बन जाता है इसलिए नकारात्मक विचारों से बचें।



#### पांच कुंडीय महायज्ञ

दूसरे दिन पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। शाम को कथा में दशावतार का वर्णन किया गया। झांकी के साथ गायत्री दीप महायज्ञ किया गया। तीसरे दिन गायत्री महायज्ञ एवं विविध संस्कार संपन्न हुए। कार्यक्रम में दीक्षा संस्कार 15, विद्यारंभ संस्कार 5, अन्नप्राशन संस्कार एक एवं पुंसवन संस्कार 12 संपन्न हुए। गुरु दीक्षा के क्रम में गुरु की महत्ता और समर्पण का महत्व बताया गया। कथा विराम एवं यज्ञ के पश्चात टोली की ससम्मान विदाई की गई। टोली में रामचंद्र वर्मा, नीलिमा सिन्हा एवं मोरध्वज वर्मा शामिल थे। इस मौके पर पुनऊ साहू, दुखीराम, विमल जंघेल, श्याम वर्मा, बिसुन वर्मा, राजेश्वर वर्मा, रोमन वर्मा, कमल किशोर लोधी, कृष्ण वर्मा, रोहिणी वर्मा, राहुल वर्मा, प्रभात साहू, डॉ बीएल महोबिया, डॉ देवेंद्र साहू, भागवत शिवारे एवं बालेश्वर साहू उपस्थित थे।

### अवैध शराब बिक्री पर शिकंजा

**डोंगरगढ़।** अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस को एक फरवरी को सूचना मिली कि भरीटोला निवासी पवन ठाकुर अधिक मात्रा में शराब लेकर अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। आरोपी के पास से 30 नग शोले मसाला शराब, 10 नग शोले प्लेन, कावासाकी बजाज वाहन क्रमांक सीजी 08 जेडई 4541जप्त किया गया। आरोपी पवन ठाकुर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# सरकारी नाले पर अतिक्रमण का मामला गरमाया, पालिका ने जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद सरकारी नाले पर कब्जा करने के मामले में नगर पालिका प्रशासन ने नोटिस जारी किया है। इस मामले में पालिका प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही है, वहीं लोक निर्माण विभाग की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे है। क्षेत्र में संचालित एक पाइप फैक्ट्री के संचालक ने फैक्ट्री के सामने बहने वाले नाले पर अवैध निर्माण कर कब्जा जमा लिया। जिस तरह से यह निर्माण किया गया उसने प्रशासनिक अनदेखी को उजागर किया है। मामला सामने आने के बाद नगर पालिका ने सख्ती दिखाते हुए संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पालिका प्रशासन ने शिकायतकर्ता को भरोसा दिलाया है कि नाले पर किसी तरह का अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा। नोटिस में दो दिनों के भीतर कब्जा हटाने के निर्देश दिया गया है।



**कार्रवाई होगी** मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई ने कहा कि जैसे ही मामला संज्ञान में आया, तुरंत नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश का पालन नहीं किया गया, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

#### सोया रहा पीडब्ल्यूडी

इस प्रकरण में लोक निर्माण विभाग की भूमिका पर उंगलियां उठने लगी हैं। लोगों का का कहना है कि दो तीन महीने पहले ही निर्माण रोक दिया जाता तो यह स्थिति पैदा नहीं होती। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री संचालक ने करीब 14 फीट चौड़े नाले को बंद करने के लिए केवल 3 फीट का पाइप डालकर नाले को पाट दिया। सड़क की भूमि पर भी कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। जानकारी के अनुसार निर्माण के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे, किन्तु आपत्ति या कार्रवाई नहीं किया। अब मामला उजागर होने के बाद नोटिस जारी किया गया है।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय कबड्डी स्पर्धा पांच से



**खड़गांव।** आगामी पांच से सात फरवरी तक जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता रखा गया है। स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए लिए खिलाड़ी अभ्यास करने में जुटे है। इसी क्रम में ग्राम में थाना स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है जिसस चयनित 3- 3 टीमें जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होगी। वर्तमान में 11 टीम पुरुष और दो महिला टीम शामिल हो चुकी है।

### अस्तित्व बचाने सड़क पर आई कांग्रेसः साहू



**डोंगरगढ़।** जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने कांग्रेस के मनरेगा बचाओ संग्राम को नौटंकी करार देते हुए कहा कि कांग्रेस अपना अस्तित्व बचाने के लिए सड़क पर दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महात्मा गांधी के बहाने प्रभु राम का विरोध कर रही हैं। भाजपा सरकार ने बापू के सपनों को साकार करते हुए विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण कानून लाकर अच्छा कदम उठाया है। उन्होंने बतायाकि मनरेगा में मात्र 100 दिन काम मिलता था लेकिन अब 125 दिन के रोजगार की गारंटी मिलेगी। यह योजना किसानों और मजदूरों के लिए फायदेमंद साबित होगी। इस योजना में जल से सम्बंधित कामों को प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देकर और फर्जीवाडा रोकने के लिए के लिए बायोमेट्रिक और आधार से वेरिफिकेशन को अनिवार्य रखा गया है। अगर किसी मजदूर को 125 दिन तक काम नहीं मिलता है तो उसे बेरोजगारी भत्ता मिलेगा।

### मरदकठेरा में योग शिविर का आयोजन



**सड़क अतरिया।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय धोधा अंतर्गत ग्राम मरदकठेरा में संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ रायपुर एवं राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के मार्गदर्शन में एक फरवरी से निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण सामिल होकर योगाभ्यास कर रहे हैं। शिविर में अनुभवी योग प्रशिक्षक नरेश नेताम द्वारा योगाभ्यास कराया जा रहा है। योग एवं प्राणायाम करने का तरीका, समय आदि की जानकारी तथा योग के माध्यम से विभिन्न रोगों से बचाव की जानकारी दी जा रही है। शिविर प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से आयोजित किया जा रहा है। शिविर प्रभारी डॉ. नरोत्तम नेताम ने ग्राम एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर लाभ लेने की अपील की है।

### वार्षिक उत्सव में शामिल हुए विजय वर्मा



**सड़क अतरिया।** बीते दिवस रविन्द्र नाथ टैगोर स्कूल नर्मदा में आयोजित वार्षिक उत्सव में जिला पंचायत सदस्य निर्मला वर्मा के प्रतिनिधि विजय वर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होने उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक को सम्मानित किया। विजय वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा से बड़ी कोई पूंजी नहीं होती और शिक्षा ही एक ऐसी पूंजी है जिसकी कभी चोरी नहीं किया जा सकता न ही उसका बटवारा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने ने स्कूल में छात्रों की प्रतिभा को निखारने वाले आयोजनों की प्रशंसा किया। श्री वर्मा के साथ गीता जघेल, लिखन जँघेल, रघुनंदन, रामकुमार भट्ट, माखन राम, मुरार जंघेल, पालक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### टीएच इलेवन के संस्थापकों का सम्मान



**राजनांदगांव।** नगर में आयोजित यादव प्रीमियर लीग 2026 के समापन समारोह में राजनांदगांव जिले में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरूआत कर इतिहास रखने वाली खेल संस्था टीएच (टाउनहॉल) इलेवन के संस्थापक कप्तान पूनाराम यादव, रीतेश देवांगन और पोषण यादव का सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि 1994 में राजनांदगांव में पहली बार फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरूआत उस समय की प्रतिष्ठित क्रिकेट क्लब टीएच इलेवन द्वारा की गई थी। स्टेट हाईस्कूल मैदान पर आयोजित उस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की 16 प्रमुख टीमों ने भाग लिया था। उस दौर में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता कराना एक चुनौती पूर्ण कार्य था, जिसे आर्थिक रूप से कमजोर, किंतु हौसलों से बुलंद टीएच इलेवन के सदस्यों ने पूर्ण कर एक इतिहास रचा था।

### रविदास जयंती पर पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण



**राजनांदगांव।** जाति-पाति के भेदभाव से ऊपर उठकर समाज में समरसता और मानवता का संदेश देने वाले महान संत रविदास की जयंती पर रविवार को शंकरपुर स्थित संत रविदास मंदिर एवं महावीर चौक स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संत रविदास की प्रतिमा की पूजा-अर्चना की गई और कार्यक्रम में भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में विहिप के प्रांत विधि प्रकोष्ठ प्रमुख अरूण गुप्ता, विहिप विभाग मंत्री अनूप श्रीवास, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, जिला कोषाध्यक्ष लव मिश्रा, विहिप जिला सेवा प्रमुख राज तंवर, बजरंग दल के जिला संयोजक राहुल बलदेव मिश्रा, जिला गौरक्षा प्रमुख प्रशांत हाथीबेड, नगर संयोजक मोहित यादव, नगर गौरक्षा प्रमुख प्रणय मुल्लेवार, नगर साप्ताहिक सह मिलन प्रमुख सारंग ताम्रकार और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आशु पटेल, ऋषभ रामटेके, तरुण पटेल, प्रिंस मानिकपुरी, सेयल साहू, नागेश साहू, कबीर मानिकपुरी, सिद्धू मेश्राम व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 9 को

# सामान्य सभा में चौराहों के नामकरण से लेकर 13 विषयों पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

नगर पालिक निगम की सामान्य सभा की बैठक 09 फरवरी 2026 सोमवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे से नगर निगम के सभागृह में आहूत की गई है। बैठक में 13 विषयों पर चर्चा कर विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया जाएगा।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा ने बताया कि चौक-चौराहों के नामकरण की कड़ी में पुष्पवाटिका का नाम वेद्मूर्ति तपोनिष्ठ पं. श्रीराम आचार्य जी के नाम से किए जाने, डोंगरगांव रोड में ब्रम्हकुमारी प्रवेश द्वार के चौक का नाम ब्रम्हकुमारी चौक, केशन नगर स्थित चौराहे का नाम कालीबाड़ी चौक, महामाया चौक बसंतपुर का नाम संत शिरोमणी सेन जी महाराज, कौरिनभाठा स्थित चौराहे का नाम चित्रांश चौराहा, सिंधी कालोनी वार्ड नं. 23 के संत कवरराम चौराहा से झुलेलाल घाट जाने वाले मार्ग का नाम संत बाबा आसूदाराम मार्ग, वार्ड नं. 23 सिंधी कालोनी हेमू कालाणी चौक के पास स्थित गार्डन का नाम शदाणी उद्यान एवं फरहद चौक का नामा शहीद वीरनारायण सिंह चौक के नाम पर किए जाने चर्चा उपरांत निर्णय लिया जाएगा।

## निगम में अधिकारी कर्मचारी जुटे तैयारी में



### कर्मियों का बढ़ेगा पेट्रोल भत्ता

निगम अध्यक्ष पारस वर्मा ने बताया कि नगर निगम राजनांदगांव में स्वास्थ्य विभाग के फिल्ड अधिकारी/कर्मचारी (वार्ड प्रभारी, सफाई दरोगा, स्वच्छता निरीक्षक) को पेट्रोल भत्ता राशि 1000.00 रुपए (एक हजार रुपए) प्रदाय किए जाने व नगर निगम राजनांदगांव के सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ द्वारा संघ की विभिन्न गतिविधियों का संचालन हेतु 50 हजार रुपए (पचास हजार रुपए) की मांग की स्वीकृति तथा दिल्ली दरवाजा व्यवसायिक परिसर स्थित प्रथम तल की 02 दुकानें, पुत्रीशाला व्यवसायिक परिसर की दुकान क्रं. 17 व सर्वेश्वरदास स्कूल के सामने निर्मित व्यवसायिक परिसर के दुकानो की नीलामी में प्राप्त उच्चतम बोली की स्वीकृति के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया जाएगा।

### विकास कामों को मिलेगी स्वीकृति

नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना अंतर्गत गंज चौक से कन्हारपुरी तक सड़क चौडीकरण एवं उन्नयन कार्य हेतु लागत राशि 1439.90 लाख रुपए की निविदा आमंत्रण किए जाने की स्वीकृति, अधोसंरचना मद अंतर्गत शासन स्वीकृति अनुसार 350.00 लाख रुपए से नारकन्हैया नाला से जिला अस्पताल तक नाला निर्माण किए जाने हेतु जारी की गई निविदा की पुष्टि, आडिटोरियम निर्माण हेतु लागत राशि 1592.06 लाख रुपए की निविदा आमंत्रण किए जाने की स्वीकृति, ट्रांसपोर्ट नगर में नाली, रोड, लाईट व पानी की व्यवस्था हेतु राशि रुपए 490.04 लाख के सिस्टम टेण्डल नं. 178067 आहूत निविदा की पुष्टि/अनुमोदन एवं प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति, मोहारा फिल्टर प्लांट से गंज चौक तक एवं नंदई चौक से इंदिरा नगर टंकी तक 600 एमएम राईजिंग मेन पाईप लाइन विस्तार कार्य हेतु न्यूनतम दर की स्वीकृति के अलावा अंतिम विषय में संपत्तिकर, युक्तिकरण की स्वीकृति के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया जाएगा।

## ग्रामीणों ने की कोराना काल में नियंत्रण के नाम पर किए खर्च की जांच मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खैरागढ़

- सैकड़ों ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर कलेक्टर को दिया आवेदन

ग्राम पंचायत बुन्देली के ग्रामीणों ने कोरोना काल में पंचायत द्वारा कोरोना नियंत्रण पर किए गये खर्च की जांच की मांग की है। सोमवार को ग्रामीणों ने कलेक्टर को लिखित आवेदन देकर समाजिक अंकेक्षण करा कर जांच करने की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व सरपंच इंदरमन द्वारा कोरोना नियंत्रण की आड़ में एक बड़ी राशि पंचायत से निकाल कर गबन किया है। जबकी तत्कालीन समय पंचायत खर्च करने से कतराते रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि भीषण महामारी कोरोना के समय पूर्व सरपंच द्वारा सेनेटाइजर का छिड़काव, मास्क आदि के लिए बड़ी राशि निकाला गया है। जिसकी उस समय इतने बड़े पैमाने पर कोई भी कार्य नहीं हुआ था। अगर किए गये खर्च की जांच होती है तो राशि गबन का पोल खुल सकती है।

कोरोना के समय ग्रामीण बड़ी परेशानी का सामना किया है। जांच की मांग करने वालों में हरिश चन्द्र पाल, बलदाऊ सोनी, शिवा, मदन, भीखम जंघेल, मुरत, भगवती पाल, मायराम, रेखा बाई, सीता बाई, ओमकार यादव, तुकेश, सुमरीत यादव, सुशीला, अनिल वर्मा, लोकेश जंघेल, सुरेखा, चंदा बाई, प्रकाश यादव, शिव कुमार, जगत यादव, शीत कुमार, पुष्पा बाई, कविता यादव, देवराज यादव, रमला, दिलेश्वर, पुनेश्वर, फूलेश्वरी, अशोक यादव, गंगोत्री यादव, रेणुका यादव, दिलीप, रामकिशन, माधव, अशोक पाल, खिलेश्वर आदि ग्रामीणों तत्कालीन समय पंचायत द्वारा कोरोना के नाम पर किए गये खर्च की जांच करने की मांग की है।

## योजनाओं की दी जानकारी



**साल्हेवारा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी साल्हेवारा ने सब स्टेशन में धूमधाम से रजत जंयती मनाया। कनिष्ठ अभियंता उपासना मौर्य ने बताया कि विद्युत वितरण कंपनी के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जंयती कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में कनिष्ठ अभियंता गंडई हरि प्रसाद जंघेल ने उपभोक्ताओं को सूर्य सोलर योजना की जानकारी दी। योजना के वेंडर ने बताया कि 1 किलो वाट सोलर सिस्टम के लिए केंद्र सरकार से 30 हजार एवं राज्य सरकार से 15 हजार की सब्सिडी मिल रही है। दो किलोवाट पर क्रमशः 60 और 30 हजार, 3 किलोवाट पर 78 एवं 30 हजार की सब्सिडी मिलेगी। बाकी मार्जिन मनी लोन लेकर 10 वर्षो में अदा किया जा सकता है। मुख्य अतिथि निजाम सिंह मंडावी ने वनांचल क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति निरंतर जारी रखने, विद्युत विहिन ग्रामों में जल्द सर्वे कर बिजली पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि चन्द्रभूषण यदु, दशरथ पटेल, ललित सोनी, मन्नु मरकाम, कमलेश जंघेल, पवार सिंह, सतीश वर्मा, मोहित रजक थे। इस दौरान नियमित बिजली बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया।

## बच्चे पहुंचे तकनीकी ज्ञान लेने पॉलीटेक्निक

- रानी रश्मिदेवी सिंह कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खैरागढ़

रानी रश्मि देवी सिंह कालेज के भौतिक व गणित विभाग मे एनएपी तहत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता और डॉ जितेन्द्र कुमार साखरे के मार्गदर्शन, आईक्यूएसी प्रभारी सृष्टि वर्मा, प्राध्यापक विकास कुमार व प्राध्यापिका खुशबू सिंहा के सहयोग से शैक्षणिक भ्रमण के लिए पॉलीटेक्निक कॉलेज खैरागढ ले जाया गया।

प्राचार्य शंकर वराठे द्वारा स्वागत बाद उन्हें विभिन्न समूहों में विभाजित कर संबंधित विभागों के प्राध्यापकों द्वारा जानकारी दी गई।

प्रत्येक विभाग के प्राध्यापक ने अपने-अपने विभाग की कार्यप्रणाली, प्रयोगशालाओं, मशीनों, उपकरणों एवं तकनीकी प्रक्रियाओं की व्यावहारिक जानकारी देकर प्रत्यक्ष रूप से समझाया और दिखाया। इस दौरान विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा में विज्ञान के उपयोग, मशीनों के संचालन में गणनाओं की भूमिका व औद्योगिक क्षेत्र में विज्ञान के महत्व की जानकारी दी गई।

### किया जिज्ञासा का निराकरण

स्टुडेंट्स की जिज्ञासाओ को समाधान विभागीय प्राध्यापकों बलवंत सिंह, अश्वनी यादव, गजेन्द्र देवांगन, संतोष कुमार सत्यवंशी, पालेश्वर पटेल, इरफान खान, प्रकाशचंद खरे व सुरेन्द्र सिंहानी द्वारा सरल व प्रभावी ढंग से किया गया। मेटलर्जी विभाग मे धातुओं की गुणवत्ता और इंजीनियरिंग में उसके उपयोग, इलेक्ट्रिकल विभाग में विद्युत के जनरेशन, ट्रांशमिशन व डिस्ट्रीब्यूशन के बारे में जाना। वहीं कंप्यूटर विभाग में साइबर सुरक्षा व एआई तकनीक के बारे में जानकारी ली। भ्रमण प्रभारी ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से स्टुडेंट्स के सर्वांगीण विकास में सहायक होता हैं इससे उन्हे वास्तविक कार्यक्षेत्र की समझ मिलती है और भविष्य में उच्च शिक्षा सहित कैरियर चयन में सहायता मिलती है।

## कॉलेज स्टुडेंट्स ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खैरागढ़




रानी रश्मिदेवी सिंह कालेज के नए पुराने स्टुडेंट्स ने महाकाल सहित अन्य धार्मिक स्थलों का दर्शन कर शैक्षणिक भ्रमण किया। पांच दिवसीय भ्रमण के दौरान उन्होंने उज्जैन मे महाकाल मंदिर, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, पचमढ़ी, भेड़ाघाट और अमरकंटक सहित अन्य स्थानों का भ्रमण कर उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और धार्मिक महत्व को जाना समझा। दल नायक सुनील वर्मा ने बताया कि यात्रा में कीर्ति वर्मा, नेहल सोनी, रेणुका गुप्ता, सोनम वर्मा, हुमेश्वरी साहू, भूमिका वर्मा, प्रीति वर्मा, पूनम साहू, पूनम वर्मा सहित पूर्व छात्र सुनील वर्मा, सदानंद निषाद, आंचल बंजारे, चांदनी वर्मा, अंजलि वर्मा, मुस्कान वर्मा, खुशबू बंजारे, विवेक बंजारे, नेमचंद वर्मा, देवसिंह वर्मा, युवराज वर्मा, भोजराम वर्मा सहित अन्य शामिल थे।

### चुनरी यात्रा में हुए शामिल

छात्रसंघ पूर्व प्रभारी लाल जेके वैष्णव के मार्गदर्शन में स्टुडेंट्स ने मां नर्मदा जन्मोत्सव अमरकंटक में चुनरी यात्रा में शामिल हुए। महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन पूजा पश्चात पचमढ़ी में गुप्त महादेव मंदिर सहित हांडी खोह, पांडव गुफा का भ्रमण किया। लाल जेके वैष्णव ने सनातन धर्म समृद्धि संस्कृति को बचाने और धार्मिक विरासत कालीन परंपरा के महत्व को कायम रखने कहा।

## सेवानिवृत्त कर्मी को दी विदाई

**डोंगरगांव।** नगर पंचायत ट्रेक्टर चालक हरि श्रीवास के सेवानिवृत्त होने पर कार्यक्रम आयोजित कर बिदाई दी गई। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनम्र जेमा, उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता सहित अन्य ने सेवानिवृत्त कर्मचारी का स्वाागत शाल, उपहार स्मृति चिन्ह भेटकर किया। इस दौरान दिवंगत कर्मचारी मनोज यादव एवं मंथीर मालेकर को श्रदधांजली दी गई। कार्यक्रम की समाप्ति पर कर्मचारी को घर तक बाजे गाजे के साथ छोड़ा गया। बिदाई कार्यक्रम में पदि्मनी ठाकुर, गीता सलामे, कोमल साहू, सद्दाम खत्री, उपअभियंता केआर बर्मन, लेखपाल विवेक भारद्वाज, शिव पांडे आदि मौजूद थे।

## धोधा वितरण केंद्र में रजत जयंती समारोह का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंडई पंडरिया

- जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति

क्षेत्र के विकास और सेवा के प्रतीक वितरण केंद्र धोधा में रजत जयंती समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य रमेश साहू रहे। उनके साथ ही क्षेत्र के वरिष्ठ नेता संजु चंदेल और सरपंच दुर्गेश वर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की भारी मौजूदगी रही। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास और आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई। उपस्थित अतिथियों ने वितरण केंद्र की 25 वर्षों की सेवाओं की सराहना की। इस दौरान डोगेंद्र साहू, बुलाकी साहू, इलेश साहू, मनोज साहू, दिनेश वर्मा वरिष्ठ नागरिक गणेश वर्मा, संतोष साहू, मनबोधी साहू और हीरा साहू सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। विद्युत कम्पनी गंडई के जेई हरिप्रसाद जंघेल सहित कम्पनी के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

गंडई के सेजेस विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

# वार्षिकोत्सव और पूर्व छात्र मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंडई पंडरिया

स्थानीय पीएम श्री स्व लाल मूरत सिंह खुसरो शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी- हिंदी माध्यम विद्यालय में सोमवार 2 फरवरी को पूर्व छात्र मिलन, सम्मान समारोह एवं वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जहाँ एक ओर बच्चों की प्रतिभा और शासन की योजनाओं का लाभ दिखा, वहीं दूसरी ओर प्रबंधन की कुछ कमियां भी चर्चा का विषय रही।

दोपहर 2 बजे से शुरू हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, राउत नाचा और विभिन्न राज्यों की परंपराओं को मंच पर जीवंत कर दिया। विशेष रूप से रामायण पर आधारित पंडवानी और देशभक्ति गीतों ने पालकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षकों के महत्व पर आधारित नाटक की सराहना करते हुए कई पालकों ने बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए पुरस्कारों की घोषणा की। देर शाम पहुंचे जिला एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों ने भी प्रस्तुतियों की जमकर



### 20 छात्राओं के खिले चेहरे

शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। मुख्य अतिथियों के हाथों साइकिल पाकर छात्राएं गदगद नजर आईं।

### सेल्फी जोन में यादें ताजा

वर्ष 2000 के आसपास के पूर्व छात्रों के लिए आयोजित इस मिलन समारोह में सेल्फी जोन मुख्य आकर्षण रहा। हालांकि पहली बार हुए इस आयोजन में पूर्व छात्रों की संख्या उम्मीद से काफी कम र। कहा गया कि कार्यक्रम की सूचना ऐन वक्त पर मिलने के कारण कई पुराने छात्र शामिल नहीं हो सके। बहुत से छात्रों को कार्यक्रम की जानकारी नहीं दिया गया।

### गैर-छात्रों के सम्मान पर उठे सवाल

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन की एक बड़ी लापरवाही भी सामने आई। सम्मान समारोह में कुछ ऐसे व्यक्तियों को भी मोमेंटो और बैच देकर पूर्व छात्र के रूप में सम्मानित कर दिया गया, जिन्होंने कभी इस स्कूल में पढ़ाई ही नहीं की थी। सार्वजनिक मंच से हुई इस घोषणा और सम्मान को लेकर वहां मौजूद पालकों और स्टाफ के बीच कानाफूसी होते रही। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, खम्हन ताम्रकार, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष संजय राजपूत, जीवनदास रात्रे, राकेश जायसवाल, पार्षद दिलीप ओगरे, तामेश्वर साहू, अमन सोनी, क्रांति ताम्रकार, उमा चौबे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता स्मिता दास एवं मनीष दास ने किया। अंत में प्राचार्य पवन ददरीया ने आभार प्रदर्शन किया।

**आम सूचना**

एतद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वार्ड क्रमांक 08, तुरकारीपारा, खैरागढ़, जिला के.सी. जी. (छ.ग.) स्थित खसरा नं. 466/2, रकबा 660 वर्गफीट भूमि पर निर्मित दो मंजिला पक्का मकान संयुक्त परिवार जिसमें श्रीमती सुशीला देवी (पत्नी स्व. मांगीलाल जैन), चंचल जैन, अजय जैन एवं शरद जैन (सभी पिता स्व. मांगीलाल जैन) सम्मिलित हैं, की आय से क्रय किया गया था, जिस पर संयुक्त परिवार के सभी सदस्यों का अधिकार एवं आधिपत्य निहित है।

स्व. आशीष जैन के देहावसान के उपरांत उनकी पत्नी श्रीमती भारती जैन (गुप्ता) द्वारा स्वयं को एकमात्र वारिस बताते हुए उक्त संपत्ति पर अपने पक्ष में राजस्व अभिलेखों में नामांतरण कराया गया है, जिसे संयुक्त परिवार के सदस्यों द्वारा सक्षम न्यायालय में चुनौती दी गई है। उक्त संबंध में व्यवहार वाद क्रमांक 57-अ/2025 न्यायालय में लंबित है।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाद लंबित रहने की स्थिति में यदि कोई भी व्यक्ति/संस्था श्रीमती भारती जैन (गुप्ता) के माध्यम से उक्त संपत्ति का क्रय-विक्रय अथवा कोई भी लेन-देन करता है, तो वह सौदा प्रारंभ से ही अवैध एवं शून्य माना जाएगा तथा संयुक्त परिवार के सदस्यों पर बाध्यकारी नहीं होगा।

अवएव सूचना जाने।

स्थानः खैरागढ़
दिनांकः 30/01/2026

रोशन मानिकपुरी
(अधिवक्ता)
Mob. 8349185071

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रमांक 202601092100028 अ/ 6 (अ)
वर्ष 2025-26

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक सनेरुद्दीन पिता तजरूद्दीन जाति मुसलमान निवासी बुधावारी पारा वार्ड नम्बर 15 डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के नाम से नजूल शहर बुधवारी पारा राजेन्द्र वार्ड नम्बर 15 डोंगरगढ़ शीट क्रमांक 06 भू-खण्ड क्रमांक 1811/30 (ए), 1811/31 (ए) क्षेत्रफल 728 वर्गफीट भूमि स्थित है जो साधारण खसरा वर्ष 2020-21 से 2023-24 में दर्ज है जो सही है। उपरोक्त भूमि के वर्तमान के ऑन लाईन नजूल शीट भू-खण्ड की सामान्य जानकारी में नजूल शहर बुधवारी पारा शीट क्रमांक 06 भू-खण्ड क्रमांक 1811/30 (ए), रकबा 728 वर्गफीट भूमिस्वामी अर्जुन पिता ररुहा के नाम से अंकित है जो कि त्रुटि है जबकि यह नाम का कोई भी व्यक्ति नहीं है। उपरोक्त भूमि ऑनलाईन त्रुटि होने से आवेदक को शासकीय कार्यों में बहुत परेशानी हो रही है जिसके कारण नजूल शहर बुधवारी पारा शीट क्रमांक 06 भू-खण्ड क्रमांक 1811/30 (ए), रकबा 728 वर्गफीट से अर्जुन पिता ररुहा के स्थान पर त्रुटि सुधार कर सनेरुदीन पिता तजरुद्दीन नाम सुधार किये जाने की आवश्यकता है। अतः नजूल शहर बुधवारी पारा शीट क्रमांक 06 भू-खण्ड क्रमांक 1811/30 (ए), रकबा 728 वर्गफीट से अर्जुन पिता ररुहा के स्थान पर त्रुटि सुधार कर सनेरुद्दीन पिता तजरुद्दीन दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।
मो. 8889731816

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 20/02/2026 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें है, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह आज दिनांक 02/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर से अभिकरण की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

## सार समाचार

### हिंदू जागरण मंच ने मनाई जयंती

**राजनांदगांव।** संत शिरोमणि सद्गुरू रविदास की जयंती पर हिंदू जागरण मंच द्वारा तिरंगा चौक व गंज लाइन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सद्गुरू रविदास के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित और दीप प्रज्वलन से की गई। मंच पर वक्ताओं ने सद्गुरू रविदास के जीवन, उनके विचारों और समाज सुधार में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि सद्गुरू रविदास का जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके विचारों को आत्मसात कर हम एक सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। समारोह के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सुशील लड्ढा, सविता बोस, प्रवीण शर्मा, प्रभात गुप्ता, राजू साओ, आनंद गुप्ता, महेंद्र जंघेल, हरीश भानुशाली, हितु व्यास, गोविंद साहू, मौसमी शर्मा, राज बहादुर सिंह, आशीष तिवारी, रोहित तिवारी, मनोज गोलछा, रूपचंद सोनी, मिट्ठू खाती, टिंकू सोनी, राकेश सेन, कालु भैया समेत अन्य लोग शामिल थे।



### जिला रजक समाज की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** जिला रजक समाज की बैठक विगत दिनों सामुदायिक भवन दीनदयाल नगर राजनांदगांव में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला रजक समाज के अध्यक्ष डॉ. एलआर निर्मलकर ने की। डॉ. निर्मलकर ने बताया कि पूर्व में 23 फरवरी को संत शिरोमणि पूज्य श्री संत गाडगे बाबा महाराज की जयंती के साथ सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित करना पड़ा। अब सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि होली मिलन समारोह, जयंती एवं वार्षिक सम्मेलन मार्च माह में आयोजित किया जाएगा। डॉ. निर्मलकर ने स्पष्ट किया कि 23 फरवरी को संत शिरोमणि पूज्य गाडगे बाबा महाराज की जयंती सामाजिक भवन दीनदयाल नगर राजनांदगांव में जिला पदाधिकारियों एवं समाजजनों की उपस्थिति में सादगीपूर्वक मनाई जाएगी। इस अवसर पर वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान भी आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला रजक समाज के मीडिया प्रभारी लोकेश रजक ने दी।

### सोनू बने भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष

**राजनांदगांव।** भीम आर्मी छत्तीसगढ़ की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक स्थानीय गुरुघासी दास सतनाम भवन नंदई में आयोजित की गई। बैठक में जिलेभर में संगठन के विस्तार, मजबूती और सामाजिक संघर्षों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान सोनू उर्फ मुकेश शेंडे को राजनांदगांव जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। मुकेश शेंडे पूर्व में साईं सेना के प्रमुख पदाधिकारी रह चुके हैं और लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। भीम आर्मी छत्तीसगढ़ के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ उनका सतत संपर्क और संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखते उन्हें जिले की कमान सौंपी गई। बैठक में पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई।



जिला उपाध्यक्ष अजय घोड़ेसवार, सुरेन्द्र मंडावी व रविन्द्र सिन्हा, जिला सचिव धर्मेन्द्र साखरे, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गौतम रावत, मनीष टेंभुरकर एवं गगन मेश्राम शामिल हैं। कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष दिनेश आज़ाद द्वारा की गई।

### समस्याओं का निराकरण

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत महोत्सव के अवसर पर कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिला कोषालय द्वारा व्यापक शिविर का आयोजित कर जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के पेंशन एवं वेतन निर्धारण संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया। शिविर में संभागीय पेंशन कार्यालय दुर्ग की टीम द्वारा पेंशन एवं वेतन निर्धारण संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य पेंशनर्स की समस्याओं को सुनना एवं मौके पर तत्काल निराकरण करना और कर्मचारियों की वेतन विसगतियों का निराकरण करना था। शिविर में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डे, जिला कोषालय अधिकारी दिलीप सिंह, जिला कोषलाय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में राजनांदगांव जिले के अलावा खैरागढ-छुईखदान-गंडई एवं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे एवं प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया।




### महापौर ने वार्ड 44 और 45 का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** मूलभुत सुविधा बिजली, पानी, सफाई का हाल जानने महापौर मधुसूदन यादव द्वारा वार्डों में निरीक्षण कर वार्डवासियों से रूबरू होकर समस्या से अवगत हो रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को वार्ड नं. 44 व 45 के कौरिनभाठा, शिव कालोनी, गोकुलधाम सोसायटी, रिद्धी-सिद्धी कालोनी क्षेत्र में साफ-सफाई एवं निर्माण कार्य का महापौर श्री यादव ने सुबह पार्षद सेवक उईके व डुरेन्द्र साहू तथा निगम के तकनीकी एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ जायजा लेकर क्षेत्रवासियों से चर्चा की।



महापौर श्री यादव ने कहा कि कचरा नाली व रोड में न डाले, बल्कि घर में ही कचरा पृथककर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदीयों को दें। उन्होंने कौरिनभाठा बस्ती का पानी जो शिव कालोनी जाता है, उसे रिद्धी-सिद्धी कालोनी की ओर डायवर्ट कर निकासी कराने कहा। शिव कालोनी के बंद नाले को खोल नाली से जोड़ने कहा। महापौर ने गोकुलधाम सोसायटी में निर्माणाधीन नाली का निरीक्षण कर समुचित पानी निकासी के लिए रिद्धी-सिद्धी कालोनी से जोड़ने उप अभियंता अनुप पांडे को निर्देशित किया।

उन्होंने गोकुल नगर समुदायिक भवन मरम्मत कार्य देख कार्य में तेजी लाकर जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि गोकुल नगरवासियों को आयोजनों के लिए सुविधा मिल सके। रिद्धी-सिद्धी कालोनी में पर्याप्त पेयजल सप्लाई के लिए पाईप लाइन को मेन सप्लाई लाइन से इंटर कनेक्शन करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की सतत मानिटरिंग करें ओर समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान कालोनीवासी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय पेंशन योजना का लाभ लेने महापौर ने की अपील

# श्रमयोगी मानधन योजना लांच, श्रमिकों और छोटे कारोबारियों को मिलेगी पेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत शासन श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु के पश्चात मासिक पेंशन प्रदाय करने के लिए प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना प्रारंभ की गई है। इसी प्रकार व्यापारियों और स्व-रोजगारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन योजना लागू की गई है। केन्द्र सरकार की उक्त दोनों योजना का महापौर मधुसूदन यादव ने निगम सीमाक्षेत्र निवासरत असंगठित श्रमिकों एवं छोटे व्यापारियों और स्व-रोजगारियों को ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ लेने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि 18 से 40 वर्ष आयु के असंगठित श्रमिक योजना में शामिल होकर 60 वर्ष की आयु के पश्चात प्रत्येक श्रमिक 3 हजार रुपए न्यूनतम पेंशन प्रतिमाह प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार छोटे व्यवसायी व स्व-रोजगारी भी योजना में शामिल होकर 60 वर्ष की आयु के पश्चात 3 हजार रुपए प्रतिमाह निश्चित पेंशन प्राप्त कर सकते हैं।

योजना के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में असंगठत श्रमिक जैसे फुटकर विक्रेता, रिक्शा चालक, निर्माण श्रमिक, घरेलू श्रमिक, कचरा बीनने वाले, कृषि श्रमिक, बीडी श्रमिक, मोची, हस्तकरधा श्रमिक, धोबी, चमड़े का काम करने वाले श्रमिक, अंतर्राज्यीय श्रमिक और इस तरह 125 व्यवसायों में कार्यरत श्रमिकों जिनकी मासिक आय 15000 रुपए से कम हो, योजना में शामिल होगे।

### केंद्र सरकार देगी अंशदान

व्यापारियों एवं स्वरोजगारियों हेतु राष्ट्रीय पेंशन योजना के संबंध में बताया कि यह योजना उन खुदना दुकानदारों, छोटे व्यापारियों और स्व-नियोजित व्यक्तियों जिनका वार्षिक कारोबार 1.50 करोड़ से अधिक न हो। केन्द्र सराकर ग्राहक के खाते में ग्राहक के बराबर राशि का अंशदान करती है तथा यह एक स्वेच्छिक योजना है। जिसमें ग्राहक को नियमित रूप से योगदान करना होता है। यह योजना नौकरी बदलने पर भी पोर्टेबल (साथ ले जाने योग्य) है। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य सेवानिवृत्ति के पश्चात व्यापारियों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। साथ ही ग्राहक की मृत्यु होने पर जीवनसाथी को पेंशन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलता है।



### लोक सेवा केंद्र के जरिये पंजीयन

योजना का लाभ लेने आवेदन किसी भी नजदीकी लोकसेवा केन्द्र व च्वाईस सेंटर में अपना व नामित का आधार कार्ड, बैंक खाता एवं मोबाइल नम्बर ले जाकर किया जा सकता है।

### नामित को मिलेगी पेंशन

इस योजना के तहत 55 से 200 तक अलग-अलग आयु समूह के अनुसार प्रतिमाह अंशदान देय होगा एवं अंशदान के बराबर की राशि भारत शासन श्रम मंत्रालय द्वारा देय होगी। योजना में शामिल श्रमिक की 60 वर्ष पूर्व मृत्यु हो जाने पर उसके नामित द्वारा निर्धारित अंशदान देय होगा एवं मृत्यु की स्थिति में नामित को 50 प्रतिशत पेंशन देय होगी। साथ ही यदि कोई अंशदाता 60 वर्ष की आयु के पूर्व योजना से बाहर होना चाहता है, तो उसे उस समय तक उसके खाते में जमा राशि नए ब्याज के साथ एकमुश्त वापस कर दिया जाएगा। योजना का क्रियान्वयन भारतीय जीवन बीमा के सहयोग से किया जाएगा।

### शिव महापुराण कथा का आयोजन 5 से

**राजनांदगांव।** ग्राम नाथूनवागांव में आगामी 5 से 13 फरवरी तक श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। ग्राम के टेकराम साहू व ग्राम प्रमुख रामचंद्र वर्मा ने बताया कि ग्राम के दुर्गा मंच के पास श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा। जिसमें कथावाचक तेजेश्वरानंद महाराज (राका) की मुखारविंद से महापुराण कथा सुनने का अवसर मिलेगा। 13 फरवरी को पुर्णाहुति के साथ भंडारा का भी आयोजन किया गया है।

### अप्रेंटिसशिप मेला 9 को

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना (एनएपीएस) के तहत 09 फरवरी को सुबह 9 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएएम) का आयोजन किया गया है। अप्रेंटिसशिप मेला में विभिन्न प्रतिष्ठानों को अप्रेंटिसशिप व प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित किया गया है। सभी शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ अप्रेंटिसशिप मेला में शामिल हो सकते हैं।

## मोपेड में ले जा रहे थे शराब दो शराब कोचिया पकड़ाए

**राजनांदगांव।** मोपेड़ में अवैध रूप से शराब ले जा रहे दो आरोपियों को पकड़कर पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से 48 पौवा देशी शराब एवं मोपेड जब्त किया गया है।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना बसंतपुर क्षेत्र में असामाजिक तत्वों एवं शराब कोचियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

### मोहारा ओवरब्रिज के नीचे पकड़ाए

अभियान के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि मोहारा ओवरब्रिज के नीचे दो व्यक्ति ग्रे-रंग की जुपिटर वाहन से अवैध शराब बिक्री हेतु ले जा रहे हैं। सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर दोनों व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम अविनाश उर्फ मोनू गुप्ता एवं सूरज जांगड़े बताया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें अवैध रूप से शराब रखी हुई पाई गई, जिस पर थाना बसंतपुर में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों के कब्जे से 48 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 3,840 तथा घटना में प्रयुक्त मोपेड को जब्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## घोटाले को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ पीड़ितों को न्याय की मांग

नगर निगम व शहर से जुड़े गंभीर व संवेदनशील समस्याओं को लेकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर के नाम एडीएम सीएल मारकंडे को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से नगर निगम के सफाई कर्मचारियों का लंबित वेतन, मेडिकल कॉलेज के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की श्रम सम्मान निधि और चिटफंड कंपनी द्वारा की गई ठगी के मामलों को प्रमुखता से उठाया गया।

जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि नगर निगम के नियमित व मस्टररोल सफाई कर्मचारियों को विगत दो माह से वेतन नहीं मिला है। कांग्रेस ने मांग की कि इस मामले में तत्काल संज्ञान लेकर वेतन भुगतान की व्यवस्था की जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को विगत 11 माह से श्रम सम्मान निधि का भुगतान नहीं किया गया है। इसके अलावा चिटफंड कंपनी एव्हीएम रियल स्टेट एंड एलाइड लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल साहू की चल-अचल संपत्ति और बैंक खातों की जांच कर उन्हें कुर्क किया जाए तथा प्रभावित निवेशकों को उनकी राशि वापस दिलाए जाने की मांग की गई।



इस दौरान रूपेश दुबे, कमलजीत सिंह पिंटू, सूर्यकांत जैन, एनी माखिजा, अशोक पंजवानी, विनय झा, राजेश चंपू गुप्ता, मनीष गौतम, डॉ. अरूण देवांगन, मोहनीश धनकर, शुभम पांडे, मोहम्मद इब्राहिम, राजिक सोलंकी, नितिन बत्रा, कुलदीप कुरंजेकर, ऑफताब अहमद, अभिमन्यु मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### श्रम सम्मान निधि रोकी जा रही

इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह के निर्वाचन क्षेत्र में नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की ये स्थिति है, उन्हें वेतन नहीं मिल पा रहा। ट्रिपल इंजन की सरकार में दैवेभो कर्मियों की श्रम सम्मान निधि रोकी जा रही है। डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्री कार्यकाल में हजारों ग्रामीण चिटफंड में ठगे गए और आज तक वे अपनी बचत वापस पाने संघर्ष कर रहे हैं। भाजपा सरकार ने उनके लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनहित से जुड़े इन मुद्दों पर चुप नहीं बैठेगी और जब तक पीड़ितों को न्याय नहीं मिलेगा, संघर्ष जारी रहेगा।

## सामूहिक विवाह में समाज बना घराती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर देवांगन समाज के मां परमेश्वरी महोत्सव में रविवार को दो निर्धन कन्याओं का विवाह कराया गया। सतनाम भवन में कराए गए आदर्श विवाह में समाज ने घराती बनकर बारातियों का स्वागत किया। गुदुम बाजा के साथ बारात को जीई रोड पर घुमाया गया। बाद में रीति-रिवाज के साथ मंडप पर विवाह संपन्न कराया गया। समाज की तरफ से दोनों नवविवाहित जोड़ों को उपहार के रूप में घरेलू सामान दिए गए।

समाज के संरक्षक दयावान देवांगन व अध्यक्ष शोभाराम देवांगन ने बताया कि महोत्सव में हर वर्ग की सहभागिता रही। आदर्श विवाह में समाज की परंपरा के अनुसार सारे नेग कराए गए। बारातियों का स्वागत भी पारंपरिक ढंग से गुदुम बाजा के साथ किया गया। आयोजन स्थल से परघौनी करते बैला पसरा से गुरुद्वारा चौक होकर वापस सतनाम भवन में विवाह संपन्न कराया गया। दोनों जोड़ों को बर्तन, कपड़े आदि उपहार के रूप में दिए गए।




### महोत्सव का शुभारंभ

सुबह 10 बजे पूजा-आरती के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ, फिर परिचय सम्मेलन, डांस और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता के बाद रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई। दोपहर 2 बजे उदघाटन सत्र में महापौर मधुसूदन यादव और पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद दिया।

### प्रतिभावान बच्चों का सम्मान

समापन सत्र में खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन मुख्य अतिथि रहे। पूर्व महापौर हेमा देशमुख, रमेश डाकलिया, अशोक फड़नवीस, पप्पू धकेता, झम्मन देवांगन, अनिस खान, सूरज शर्मा व नवीन जायसवाल भी मंचस्थ रहे। खेल व मनोरंजन कार्यक्रम कराए गए। बच्चों का रिकार्डिंग डांस, कुर्सी दौड़ व अन्य गतिविधियां भी शामिल रही। समाज के वरिष्ठजनों के साथ ही प्रतिभावान बच्चों को भी सम्मानित किया गया।

## सौगात : नर्सिंग कौशल कॉलेज में एएनएम प्रशिक्षण को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजनांदगांव सहित प्रदेश के आठ जिलों में नर्सिंग कौशल कॉलेजों में एएनएम प्रशिक्षण की अनुमति प्रदान की गई है। शासन के इस निर्णय से राजनांदगांव के युवाओं के लिए स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर मिल जाएंगे। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर राजनांदगांव विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राजनांदगांव जैसे शिक्षात्मक और सामाजिक दृष्टि से अग्रणी जिले में एएनएम नर्सिंग कौशल कॉलेज को अनुमति मिलना क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता की पूर्ति है।

### 120 विद्यार्थियों को मिलेगा प्रवेश

शैक्षणिक सत्र 2025–26 से 120 विद्यार्थियों की प्रवेश क्षमता के साथ संचालित होने वाला यह संस्थान जिले के युवाओं, विशेषकर ग्रामीण एवं मध्यमवर्गीय परिवारों से आने वाले विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य शिक्षा प्राप्त करने का अवसर देगा।

### नहीं जाना होगा दूसरे शहर

विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि अब राजनांदगांव के युवाओं को नर्सिंग जैसी व्यावसायिक और सम्मानजनक शिक्षा के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण उपलब्ध होने से न केवल शैक्षणिक खर्च कम होगा, बल्कि विद्यार्थियों को अपने सामाजिक-पारिवारिक परिवेश में रहकर अध्ययन करने का अवसर भी मिलेगा।

### विस अध्यक्ष ने सीएम का जताया आभार

विधानसभा अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की संवेदनशील सोच के कारण आज राजनांदगांव सहित प्रदेश के कई जिलों के युवाओं को स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिला है। यह निर्णय युवाओं के कौशल विकास के साथ-साथ भविष्य में सशक्त स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत नींव रखेगा।

## एडवेंचर कैंप, बच्चों ने सीखा प्राकृतिक अनुशासन

### अजीज पब्लिक स्कूल की रही सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पर्यावरण, साहसिक गतिविधियों और जीवन कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इकोवीरा इंडिया एवं वन समिति द्वारा स्काउट गाइड विद्यार्थियों के लिए पहली बार दो दिवसीय स्काउट एंड गाइड हाइकिंग, ट्रेकिंग एन्ड एडवेंचर कैंप का आयोजन किया गया।

यह कैंप डंगोरा मैकल सनराइज पॉइंट ढारा, डोंगरगढ़ में आयोजित हुआ। जिसमें अजीज पब्लिक स्कूल इंदामारा ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कैंप के दौरान स्काउट एवं गाइड द्वारा फ्लैग होस्टिंग की गई। शिविर के अंतर्गत विद्यार्थियों को मार्ग चिन्हों की पहचान, छुपे संदेशों को खोजने, ट्रेक के नक्शों को समझने, दिशा-निर्देशन तथा ट्रेक के दौरान चलने के सही तरीके और सुरक्षा नियमों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।



### बच्चों को मिला कौशल प्रशिक्षण

कैम्प में बच्चों ने बिना बर्तन के भोजन बनाना, आग जलाना, भोजन को सुरक्षित रखना, पायनियरिंग प्रोजेक्ट तथा आपातकालीन स्थिति में त्वरित टेंट लगाना जैसे महत्वपूर्ण कौशल सीखे। इस शिविर में एडवेंचर इक्विपमेंट्स का बेसिक नॉलेज भी दिया गया। जिसमें रोप, हार्नेस, कैरबीनर, हेलमेट, डिसेंडर, मिटन, कम्पास आदि के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई।

### प्रकृति के प्रति हुआ जुड़ाव

एडवेंचर शिविर में बच्चों को शारीरिक मजबूती, ऊंचाई के अनुसार स्वयं को ढालना, बाहरी खतरों से निपटना तथा प्राथमिक उपचार का भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रकृति से जुड़ाव, पौधों-जानवरों एवं मौसम की समझ तथा पर्यावरण संरक्षण की लीव नो ट्रेस आदत पर विशेष जोर दिया गया। शिविर में विद्यालय की ओर से गाइड इंचार्ज फलक फरजाना, स्काउट इंचार्ज खोमेंद्र साहू तथा सहायक शिक्षक हर्षित साहू, दिनेश निषाद एवं रूपाली डड़सेना उपस्थित रहे। कार्यक्रम को प्राचार्य सचिनपाल सिंह ठाकुर, डायरेक्टर तनाज अजीज एवं मेंटर फरजाना दानिश का मार्गदर्शन एवं संरक्षण प्राप्त हुआ।

### बच्चों में बढ़ा आत्मविश्वास

इकोवीरा इंडिया के संस्थापक प्रमेश विजयवार ने बताया कि आज के समय में बच्चों को केवल कक्षा तक सीमित न रखते हुए उन्हें प्रकृति, अनुशासन और आत्मनिर्भरता से जोड़ना बेहद जरूरी है। ऐसे एडवेंचर कैंप बच्चों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि इकोवीरा इंडिया भविष्य में अन्य स्कूलों के स्काउट-गाइड एवं विद्यार्थियों के लिए भी ऐसे शिविर आयोजित करेगा, ताकि अधिक से अधिक बच्चे इस अनुभव का लाभ उठा सकें। प्रतिभागी विद्यार्थियों ने इस शिविर में अनुशासन, साहस और प्रकृति के अनुकूल जीवन की सीख ली।

### कांग्रेस की बैठक आज

**अंबागढ़ चौकी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने बताया कि अम्बागढ़ चौकी ब्लॉक के कांग्रेस कमेटी के गठन के लिए आवश्यक बैठक कल 4 फरवरी को दोपहर 12 बजे चौकी रेस्ट हाउस में रखी गयी है। जिसमे खुज्जी विधानसभा के विधायक भोलाराम साहू के मार्गदर्शन में बैठक रखी गयी है। इस बैठक में जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत के सदस्य, पार्षद, युवा कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, वरिष्ट कांग्रेसी एवं अन्य कांग्रेस सदस्य की उपस्थिति रहेगी। साथ ही सभी कांग्रेस पार्टी के सदस्यों से अपील की गई कि अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित हो।



## खबर संक्षेप

### माखन चंद्रवंशी बने भाजपा किसान मोर्चा के जिला कार्यकारी सदस्य

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया की ग्राम मोहतरा कला के जनपद सदस्य प्रतिनिधि माखन चंद्रवंशी को भाजपा किसान मोर्चा के जिला कार्यकारी सदस्य बनाया गया, माखन चंद्रवंशी वर्तमान में जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक-19 से प्रतिनिधि साथ ही साथ वह अपने जीवन में पार्टी के प्रति संघर्ष समर्पण पार्टी के लिए हमेशा काम किया। आज इसी मेहनत को देखकर भाजपा किसान मोर्चा की कार्यकारी सदस्य बनाया गया है, जिसमें क्षेत्रवासियों द्वारा बधाई दी।

# स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवारों के हितों की रक्षा का आश्वासनः चंद्रप्रकाश

- एक दीपक शहीदों के नाम संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था कबीरधाम जिला द्वारा आयोजित एक दीपक शहीदों के नाम संगोष्ठी कार्यक्रम 1 फरवरी को गौरवपूर्ण एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त ध्वजारोहण, ध्वज को सलामी तथा भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के साथ किया गया। मुख्य अतिथि चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी नपाध्यक्ष ने वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान के कारण ही देश आजाद हुआ। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवारों के सम्मान एवं उनके हितों की रक्षा के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में शहीद पार्क सिग्नल चौक पहुंचकर भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, चंद्रशेखर आजाद सहित अमर जवान की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर 111 दीप प्रज्वलित किए गए।

### स्वतंत्रता सेनानी परिवार से होना जीवन का सबसे बड़ा गौरव : मिश्र

राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जीएस मिश्र आईएएस ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार से होना गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में सेनानियों ने शारीरिक व मानसिक यातनाएं सहकर भी अपने संकल्प को नहीं छोड़ा। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवा आती-जाती रहती है, लेकिन स्वतंत्रता सेनानी परिवार से जुड़ा होना जीवनभर का सम्मान है।

### डॉ नरेश कुमार यदु के अध्यक्षीय उद्बोधन ने भावुक किया श्रोताओं को

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ नरेश कुमार यदु अध्यक्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था कबीरधाम ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तपस्या और बलिदान के कारण ही हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। उन्होंने अपने पिता स्व. कोदूराम यदु के संघर्षों का उल्लेख करते हुए 1942 के आंदोलन के दौरान जेल में सहन की गई यातनाओं का स्मरण कराया। डॉ यदु ने संस्था की स्थापना, उद्देश्य और कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था का गठन 13 जनवरी 2026 को हुआ है और प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को एक दीपक शहीदों के नाम कार्यक्रम के माध्यम से वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है।

## उपमुख्यमंत्री जनसंपर्क कार्यक्रम में हुए शामिल, ग्रामीणों को मिली विकास की सौगात

# विजय शर्मा ने गांव के विकास के लिए की 2.71 करोड़ की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिरोड़ा, सोनपुरी एवं राम्हेपुर में कुल 2 करोड़ 71 लाख 90 हजार रुपए की लागत से विभिन्न निर्माण सहित अनेक विकास कार्य किए जाएंगे। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने तीनों ग्रामों में आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम में शामिल होकर इन विकास कार्यों की घोषणा की और क्षेत्र के नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने की बात कही। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इस दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना।

जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने बुनियादी सुविधाओं से संबंधित मांग, समस्याओं को उप-मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उप-मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्थल पर ही समस्याओं की जांच कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की कोशिश है कि गांवों का हर तरफ से विकास हो और लोगों को जरूरी सुविधाएं समय पर मिलें। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। ग्रामीणों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उप मुख्यमंत्री ने गांवों में कई विकास कार्यों की घोषणा की। इनमें सड़क निर्माण और मरम्मत, सामुदायिक भवन, नाली निर्माण, पेयजल व्यवस्था को मजबूत करना, बिजली से जुड़े कार्य और अन्य जरूरी सुविधाओं का विकास शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्वीकृत कार्य अच्छी गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरे किए जाएं। जनसंपर्क कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और उन्होंने उप मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। ग्रामीणों ने क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर उप मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

### 2 करोड़ 71 लाख 90 हजार रुपए की लागत से होंगे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्य



उप-मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के ग्रामों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण विकास को गति देने के उद्देश्य से विकास कार्यों की घोषणा की। ग्राम बिरोड़ा में मेन रोड से नदी तक सीसी रोड निर्माण की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि इससे आवागमन सुगम होगा। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 2 में नाली निर्माण के लिए 2 लाख रुपए, बाजार पारा में 20 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन तथा बिरोड़ा चौक में 02 नग सामुदायिक शौचालय निर्माण की भी घोषणा की गई। जिससे स्वच्छता और सामुदायिक सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा।

### कुटकीपारा में मुरमीकरण, सीसी रोड, सामुदायिक भवन सहित होंगे विभिन्न निर्माण कार्य

ग्राम कुटकी पारा में ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए मुरमीकरण कार्य के लिए 6 लाख रुपए तथा सिंघरा पारा में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार रुपए स्वीकृत किए गए। इसी क्रम में ग्राम सोनपुरी में कहार-धरसा में मुरमीकरण कार्य के लिए 4 लाख रुपए, शीतला माता प्रांगण में सीसी निर्माण के लिए 2 लाख रुपए, तालाब के पास हैंडपंप खनन, गली में गड्ढा भराई तथा सर्व समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की गई, जिससे पेयजल, आवासीय सुविधा एवं सामाजिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी।

### राम्हेपुर में 2.32 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क और अन्य निर्माण कार्य

ग्राम राम्हेपुर में विकास कार्यों की बड़ी सौगात देते हुए उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने राम्हेपुर से विचारपुर तक लगभग 4 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 25 लाख रुपए की घोषणा की। साथ ही भीमपुरी में मुक्तिधाम निर्माण, राम्हेपुर से दलसाटोला तक मुरमीकरण कार्य, सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख 20 हजार रुपए तथा नाली निर्माण के लिए 2 लाख रुपए स्वीकृत किए गए। इन घोषणाओं से क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी और ग्रामीणों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# गुरुकुल स्कूल के 13 अल्पसंख्यक मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गुरुकुल पब्लिक स्कूल के अल्पसंख्यक समुदाय के 13 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान जिला शिक्षा विभाग की तरफ से शैक्षणिक सम्मेलन के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शाला सिग्नल चौक कवर्धा में किया गया। मीडिया प्रभारी पीजीटी हिंदी डॉ. विजय कुमार शाही ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार के छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग द्वारा जिला स्तर पर शैक्षणिक सम्मेलन का आयोजन कर अल्पसंख्यक समुदाय जिनमें सिक्ख, जैन, मुस्लिम, ईसाई, पारसी तथा बौद्ध प्रमुख हैं। जिसमें कक्षा 9 वीं से 12वीं तक के 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी पूर्व सत्र 2024-25 के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। जिनमें शाला की कक्षा नौवीं के विद्यार्थी दर्शना कटारिया, देवांश जैन, कक्षा 10वीं के बुसरा बानो, दर्श सिंह पाहुजा, गगनदीप सिंह छाबड़ा, कक्षा 11वीं के समीना बानो, जैनब बानो शेखानी, अनंत कुमार जैन, कक्षा 12वीं अनीश मुटरेजा, हर्षित सिंह पाहुजा, श्रेयांश जैन, मोहम्मद फैजल रजा तथा तबस्सुम कौसर खान आदि शामिल हैं। जिस पर विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार राय, संस्था के अध्यक्ष तथा समस्त पदाधिकारीगण ने सभी सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं को इस सुपरिणाम के लिए साधुवाद दिया।



### हॉयर सेकंडरी स्कूल रणवीरपुर में वार्षिकोत्सव मनाया गया



**हरिभूमि रणवीरपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रणवीरपुर में विगत दिनों वार्षिकोत्सव 1 फरवरी को हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, एसएमडीसी अध्यक्ष चेतन शुक्ला एवं नव नियुक्त प्राचार्य डी एस उईके के निर्देशन में यह रंगारंग कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस वार्षिकोत्सव में प्रमुख रूप से शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक तथा हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों साथ ही निजी स्कूलों में सरस्वती शिशु मंदिर, गायत्री पब्लिक स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भाग लेकर शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया, स्वागत भाषण में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 के सदस्य प्रतिनिधि राजेंद्र साहू द्वारा किया गया। वहीं विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने अपने भाषण में समस्त प्रतिभागियों व विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए उपस्थित गणमान्य नागरिकों को संबोधित किया। इस वार्षिकोत्सव में विभिन्न स्कूलों से कुल 31 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जो कि शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज सुधार, सामाजिक समरसता तथा छत्तीसगढ़ की विभिन्न संस्कृतियों जिसमें बस्तर की संस्कृति, राउत नाचा, पंथी नृत्य, सुआ नृत्य की गाथाओं को सहेजता हुआ एक नया संदेश देने का प्रयास किया गया। जहां एक और हमार कबीरधाम की गाथा पर आधारित कार्यक्रम ने सब का मन मोह लिया, वहीं दूसरी ओर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर आधारित कार्यक्रम ने दर्शकों को भाव विभारे किया। वहीं हॉरर डांस ने छोटे बच्चों ने प्रस्तुतियां दी तथा ऑपरेशन सिंदूर, रानी लक्ष्मी बाई पर आधारित कार्यक्रमों ने दर्शकों के मन में देश भक्ति की भावना को जगाने का कार्य किया। साथ ही साथ भगवान श्री राम, माता काली पर आधारित धार्मिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी बच्चों ने अच्छे ढंग से किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी पी सी ताम्रकार एवं स्काउट गाइड के बच्चों ने सराहना कार्य किया। साथ ही साथ पदाधिकारी व शिक्षक -शिक्षिकाएं उपस्थित थें, कार्यक्रम का संचालन पीसी ताम्रकार, शशांक यादव, जयश्री एवं सिमरन द्वारा किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा विगत वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# प्रेरणा विद्यापीठ हॉयर सेकण्डरी स्कूल में विदाई समारोह संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

कुण्डा में संचालित प्रेरणा विद्यापीठ हॉयर सेकेण्डरी स्कूल अखरा में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के द्वारा मां सरस्वती, मां भारती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात स्कूल के डायरेक्टर के द्वारा श्रीफल, पेन एवं गमछा भेंट कर अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सेवाराम कुर्रे, अध्यक्षता रविन्द्र कुर्रे, अति विशिष्ट अतिथि बालमुकुन्द चन्द्रवंशी, हरेन्द्र चन्द्राकर, रामफल चन्द्रवंशी, पुरषोत्तम निर्मलकर, अमन खनूजा, देवेन्द्र चन्द्रवंशी, निलेश गुप्ता, शेखर चन्द्रवंशी, अशोक चन्द्राकर, वागिश चन्द्राकर, रामराज चन्द्राकर, दीना चन्द्राकर, प्रदीप रजक, परमेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में पालक एवं स्कूल के प्रबंधक रोहित चंद्राकर एवं प्राचार्य सागर चंद्राकर तथा व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### रैतापारा स्कूल में 15वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित




**हरिभूमि कुण्डा।** लिटिल स्टॉर मार्डन पब्लिक स्कूल रैतापारा में विगत दिनों 28 जनवरी को प्रतिवर्षानुसार की भांति 15वां वार्षिकोउत्सव का भव्य आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नेहा उईके नायब तहसीलदार कुण्डा के कर कमलो से हुआ। जिसमे अन्य अथितियो के रूप में ग्राम पंचायत सरपंच शेषनारायण चन्द्रवंशी, डोमन चन्द्रवंशी ब्रांच मैनेजर को जिला सह. बैंक शाखा पाण्डातराई, महेन्द्र चन्द्रवंशी एवं रतन लाल चन्द्रवंशी साथ ही साथ नारायण चन्द्रवंशी, प्राचार्य जेबी नायक, डायरेक्टर पीके वर्मा सहित स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। इस भव्य आयोजन में छात्राओं द्वारा मां सरस्वती वंदना, लोक नृत्य और सामाजिक संदेश देने वाले नाटकों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सबसे बड़ा आकर्षण का केन्द्र बच्चे द्वारा आपरेशन सिंदूर जो की हमारे वीर जवानों के द्वारा पाकिस्तान पर एयर स्ट्राक का एक जीवंत दृश्य के रूप में प्रस्तुत रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य जे बी नायक ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए स्कूल के उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना किया और विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पदक प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ।

# भाजयुमो जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलते ही उमंग पर युवाओं का भरोसा

- 60 युवाओं ने थामा भाजपा का हाथ, उमंग पाण्डेय बने युवा आकर्षण का केंद्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय जनता युवा मोर्चा के कबीरधाम जिला अध्यक्ष पद की घोषणा होते ही जिले की राजनीति में एक नई ऊर्जा का संचार देखने को मिल रहा है। पार्टी नेतृत्व द्वारा उमंग पाण्डेय को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद से ही जिले भर के युवाओं में जबरदस्त उत्साह दिखाई दे रहा है। युवाओं का यह उत्साह केवल भावनात्मक नहीं बल्कि विश्वास में बदलता हुआ नजर आया, जब कवर्धा के लगभग 60 युवाओं ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के समक्ष भाजयुमो की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सभी नव-प्रवेशी युवाओं ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का विशाल हार-माला से भव्य अभिनंदन कर अपना सम्मान और विश्वास प्रकट किया। उपमुख्यमंत्री ने नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं का इस तरह बड़ी संख्या में जुड़ना उनके नेतृत्व, कार्यशैली और विचारों पर भरोसे का प्रमाण है। साथ ही उन्होंने सभी नए सदस्यों को बधाई देते हुए पार्टी, समाज और राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।



साथ ही साथ भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू के समक्ष भी युवाओ ने युवा मोर्चा में शामिल हुए। जिसमे भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीराम साहू, भाजपा कवर्धा शहर मंडल अध्यक्ष श्रीमती सतविंदर पाहुजा, रामविलास चंद्रवंशी, सौरभ शर्मा, ज्योति केशरवानी, सोनू ठाकुर, आशीष सोनी सहित अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित थें। सभी ने युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में अपने युवा जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय के नेतृत्व में काम करने को लेकर जोश और आत्मविश्वास साफ झलकता रहा। स्वयं जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय ने कहा कि उनका निरंतर प्रयास रहेगा कि पार्टी के विचार जिले के प्रत्येक युवा तक पहुंचें और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद युवा तक सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर बड़ी संख्या में युवाओं के साथ-साथ कन्या शक्ति ने भी बढ़-चढ़कर सदस्यता ली, जो यह दर्शाता है कि युवा मोर्चा अब केवल संगठन नहीं बल्कि विश्वास और अवसर का मंच बनता जा रहा है। स्पष्ट है कि जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलते ही उमंग पाण्डेय युवाओं के भरोसे की पहचान बनते जा रहे हैं, और कबीरधाम में भाजयुमो एक नई रफ्तार पकड़ चुका है।

### दिलीप चंद्रवंशी बने किसान मोर्चा कुण्डा मण्डल अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

विगत दिनों भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन पटेल ने अपने कार्यकारणी की विस्तार करते हुए ग्राम पंचायत रुसे के सरपंच दिलीप चंद्रवंशी को भाजपा किसान मोर्चा कुण्डा मण्डल के अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रदेश किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष के सहमति से भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के अनुशंसा से भाजपा किसान मोर्चा जिला कबीरधाम के जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं मण्डल अध्यक्षों की घोषणा की सूची जिला महामंत्री एवं जिला मुख्यालय प्रभारी मुकेश ठाकुर ने जारी की। जिला कार्यकारिणी में 4 उपाध्यक्ष, 1 महामंत्री, 5 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 1 सह-कोषाध्यक्ष, 1 मीडिया प्रभारी, 23 कार्यकारिणी सदस्य व 10 विशेष आमंत्रित सदस्य एवं 14 मण्डल अध्यक्ष की नियुक्ति किया गया। जिसमें कुण्डा मण्डल का अध्यक्ष दिलीप चंद्रवंशी को बनाया गया है। श्री चंद्रवंशी के मनोनयन की घोषणा होते ही कुण्डा मण्डल के भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह और खुशी की लहर व्याप्त है।



## गांव की सुख-शांति व समृद्धि की कामना के साथ महायज्ञ आयोजित

# श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव कथा का आयोजन जल यात्रा के साथ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में गांव की सुख-शांति, समृद्धि एवं लोक कल्याण की भावना से श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव कथा का भव्य आयोजन किया गया है। यह धार्मिक आयोजन 3 से 11 फरवरी तक समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न होगा। महायज्ञ की शुरुआत विधिवत जल यात्रा के साथ हुई। यज्ञाचार्य-उपाचार्य एवं पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्री रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ किया गया।

इस महायज्ञ में यज्ञाचार्य पंडित योगेश्वर दुबे (पंडरिया) तथा उपाचार्य वेदाचार्य पंडित महेश्वर प्रसाद द्विवेदी के सान्निध्य में यज्ञ अनुष्ठान संपन्न कराया जाएगा। कथा प्रवचन का दायित्व पंडित सागर मिश्रा, श्रीमती रश्मि शास्त्री एवं सुश्री आर्या त्रिपाठी द्वारा निभाया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा, रुद्र उपासना एवं जीवन में आध्यात्मिक संतुलन का सुंदर और भावपूर्ण वर्णन कर रहे हैं। श्री रुद्र महायज्ञ भगवान शिव के रुद्र स्वरूप की उपासना का अत्यंत पवित्र वैदिक अनुष्ठान है, जिसका उद्देश्य मानसिक शांति, पारिवारिक सुख, दुखों का नाश तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार माना जाता है। यह यज्ञ 5 से 11 दिनों तक चलता है, जिसमें रुद्राभिषेक एवं रुद्रयाग प्रमुख होते हैं।



मान्यता है कि इससे कालसर्प दोष, मानसिक तनाव एवं पारिवारिक क्लेश दूर होते हैं तथा आत्मज्ञान और सफलता की प्राप्ति होती है। इस आयोजन में आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने में पवन शर्मा, विनय शर्मा, रामाधार शर्मा, राजीव शर्मा, दिनेश पाण्डेय, जोतराम साहू, जगदीश साहू, रामसहाय साहू, डॉ संतोष साहू, सुरेश ध्रुव, शत्रुहन गिरी गोस्वामी, दिलीप सिंह चौहान, दुकलहा साहू, रिखी साहू, कन्हैया साहू, मनोज साहू, चतुर साहू, झड़ी गिरी गोस्वामी, महासिंह चौहान, मनी निषाद, ग्राम पंचायत के पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी कोलेगांव का विशेष सहयोग रहा।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

प्रदर्शन: दीपक बैज के नेतृत्व में कवर्धा में फूटा जनआक्रोश, भाजपा सरकार कटघरे में

# भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का कलेक्ट्रेट घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में आज कबीरधाम जिले के कवर्धा में कांग्रेस पार्टी ने ऐतिहासिक कलेक्ट्रेट घेराव कर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक विफलताओं के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, किसान, मजदूर, महिलाएं और युवा सड़कों पर उतरे और भाजपा सरकार के खिलाफ उग्र जनआंदोलन खड़ा किया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही गरीब, किसान और मजदूरों के हक पर सीधा हमला किया है। कांग्रेस जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए मजबूरन सड़कों पर उतरी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की 11 हजार से अधिक पंचायतों में मनरेगा का काम ठप पड़ा है। भाजपा सरकार मजदूरों से उनका संवैधानिक अधिकार छीन रही है। यूपीए सरकार के समय डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा लागू मनरेगा ने पंचायतों को मजबूत किया था, लेकिन भाजपा ने पंचायत व्यवस्था को पंगु बना दिया है।

श्री बैज ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार एसआईआर के नाम पर विशेष रूप से एसटी-एससी और कमजोर वर्गों को निशाना बनाकर उनके वोट काटने की साजिश कर रही है। यह लोकतंत्र की सीधी हत्या है और गरीबों को मतदान से दूर रखने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि कवर्धा गृह मंत्री विजय शर्मा का गृह जिला होने के बावजूद यहां हत्या, लूट, चोरी, डकैती, बलात्कार और अपहरण की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। अपराधी बेखौफ हैं और प्रशासन भाजपा के इशारे पर सच्चाई दबाने में लगा है। लोहारीडीह, लालपुर और पुलिस कस्टडी में हुई मौतों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में कांग्रेस के दबाव में कार्रवाई हुई, लेकिन पीड़ित परिवारों को आज तक पूरा न्याय नहीं मिला। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों से धान खरीदना ही नहीं चाहती। प्रदेश में 3 लाख से अधिक किसान आज भी धान बेचने से वंचित हैं। किसान दफ्तर-दफ्तर भटक रहे हैं और सरकार आंख मूंदकर बैठी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में हजारों करोड़ रुपये का धान घोटाला हुआ है और कवर्धा में 7 करोड़ रुपये का धान घोटाला उजागर होने के बावजूद कार्रवाई केवल छोटे लोगों पर की जा रही है।






## जन जनअधिकार की लड़ाई रहेगी जारीः नवीन

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने बताया कि मनरेगा बचाओ महासंग्राम के तहत कबीरधाम जिले की 400 से अधिक पंचायतों में जन चौपाल लगाई गई। कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव और पंचायत-पंचायत जाकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने उजागर कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 7 करोड़ रुपये के धान घोटाले में भाजपा के मंत्री, विधायक और नेता सीधे तौर पर संलिप्त हैं, लेकिन कार्रवाई केवल समिति प्रबंधकों तक सीमित है। जिले में अपराध, अवैध शराब, गांजा और नशे का कारोबार खुलेआम चल रहा है। अधिकारी-कर्मचारी बेलगाम हैं और भाजपा नेताओं की गुंडागर्दी से पूरे जिले में भय का माहौल है। कांग्रेस पार्टी ने स्पष्ट किया कि जनता के अधिकारों के लिए यह संघर्ष आगे भी और तेज किया जाएगा और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का हर मोर्चे पर विरोध जारी रहेगा।

## भाजपा की नीतियों के चलते आमजनता पलायन करने मजबूरः ममता चन्द्राकर

पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की नीतियों ने आम जनता को पलायन के लिए मजबूर कर दिया है और कवर्धा जिला महिलाओं के लिए असुरक्षित बन चुका है। पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा कि मोदी सरकार और भाजपा गरीबों के हक पर डाका डाल रही है और मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को खत्म कर गरीबों का रोजगार छीना जा रहा है। जन सभा को कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

# बोड़ला अनुविभागीय कार्यालय में लापरवाही की हद, वाटर कूलर के पानी में मिले मेढक और कीड़े



- पानी पीने सैकड़ो लोग करने वाटर कूलर का रोज उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

स्थानीय अनुविभागीय कार्यालय में प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। कार्यालय परिसर में लगे वाटर कूलर के पानी में मेढक और कीड़े पाए जाने से हड़कंप मच गया।

यह वही कार्यालय है, जहाँ रोजाना सैकड़ों किसान, आम नागरिक और कर्मचारी विभिन्न कार्यों के लिए आते-जाते हैं और प्यास बुझाने के लिए इसी वाटर कूलर का उपयोग करते हैं। जानकारी के अनुसार, जब वाटर कूलर की सफाई के दौरान उसे खोला गया, तो अंदर पानी में मेढक और कीड़े तैरते हुए दिखाई दिए। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद लोगों के होश उड़ गए। घटना के बाद कर्मचारियों ने आनन-फानन में कूलर की सफाई करवाई, लेकिन तब तक कई लोग उसी दूषित पानी का सेवन कर चुके थे। इस घटना ने सरकारी कार्यालयों में स्वच्छ पेयजल व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

आम जनता को साफ और सुरक्षित पानी उपलब्ध कराना प्रशासन की बुनियादी जिम्मेदारी है, लेकिन इस लापरवाही से लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे दूषित पानी से पेट संक्रमण, टाइफाइड और अन्य गंभीर बीमारियाँ फैल सकती हैं। स्थानीय लोगों ने मामले की जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो कार्यालयों में पानी नहीं बल्कि "बीमारी" मिलने की स्थिति बन सकती है। प्रशासन को चाहिए कि नियमित सफाई और निरीक्षण व्यवस्था लागू कर ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोके।

## खबर संक्षेप

### अब मिलेगा 10 लाख रूपए तक का अनुदान

**कवर्धा।** केंद्र सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान अंतर्गत खाने की वस्तुएँ बनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) संचालित है।

योजना अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्यम स्थापित करने के इच्छुक व्यक्ति जिसमें परियोजना लागत (सावधि ऋण) का 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रूपये अनुदान प्रदान की जाएगी।

योजनान्तर्गत व्यक्तिगत तथा स्वयं सहायता समूह दोनों को योजना में अनुदान मिलेगा तथा गुड़ उद्योग, राईस मिल, कोदो मिल, मसाला उद्योग, आटा चक्की, पोहा मिल, बेसन निर्माण, नमकीन मिक्चर निर्माण, पापड़ निर्माण, बेकरी, टमाटर सॉस, चिप्स, पापड़ी, रेवड़ी, ब्रेड, मिठाई, गुपचुप, लड्डू, रेडी टू ईट निर्माण जैसे सभी तरहे के खाने की वस्तुएँ बनाने वाले उद्यमी इस योजना का लाभ ले सकते है।

योजना अंतर्गत आवेदन ऑनलाईन पीएमएफएमई के पोर्टल में करना होगा जिसमें फोटो, आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पास बुक. मशीन का कोटेशन व अन्य आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना होगा।

# विधायक भावना ने किया गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण

## संचालक व कर्मियों की मनमानी पर जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ठाठापुर (रामपुर) स्थित गैस एजेंसी में लंबे समय से मिल रही अनियमितताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विधायक भावना बोहरा ने ऐजेंसी का औचक निरीक्षण निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों की समस्याएं सामने आने पर विधायक ने एजेंसी कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई और मौके से ही संबंधित अधिकारियों को फोन कर तीन कर्मचारियों को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए।

रामपुर क्षेत्र में संचालित गैस एजेंसी को लेकर ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत की जा रही थी कि समय पर गैस रिफिलिंग नहीं की जा रही है। वहीं, शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत नए गैस कनेक्शन देने के नाम पर हितग्राहियों से अवैध रूप से अतिरिक्त शुल्क वसूला जा रहा है।

बताया जाता है कि विधायक भावना बोहरा शासकीय कार्यक्रम में शामिल होने रामपुर पहुंची थीं, इसी दौरान ग्रामीणों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विधायक अपनी टीम के साथ सीधे गैस एजेंसी पहुंचीं, जहां बड़ी संख्या में लोग लाइन में खड़े मिले। मौके पर हितग्राहियों ने विधायक को बताया कि गैस रिफिलिंग में अनावश्यक देरी की जाती है और उज्ज्वला योजना के लाभ से वंचित किया जा रहा है साथ ही कनेक्शन देने के लिए अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है।

### दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश

इन शिकायतों पर विधायक भावना बोहरा नाराज हो गईं और कर्मचारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि आम जनता के साथ किसी भी प्रकार की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दोषी कर्मचारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए और हितग्राहियों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के समय पर गैस रिफिलिंग और नए कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं। विधायक ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे स्वयं आगे की कार्रवाई करेंगी।

# सरस्वती शिशु मंदिर राष्ट्रभक्ति के निर्माण की एक सशक्त पाठशालाः डॉ. वीरेन्द्र साहू

- सरस्वती शिशु मंदिर झलमला में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सरस्वती शिशु मंदिर, झलमला में गत दिनो वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों का हौसला बढ़ाने और उन्हें प्रोत्साहित करने बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत के सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों और विद्यालय परिवार द्वारा भव्य एवं अनुशासित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी उपस्थितजनों ने खूब सराहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. वीरेन्द्र साहू ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर केवल शिक्षा का केन्द्र नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के निर्माण की एक सशक्त पाठशाला है। यह मेरे लिए गर्व का विषय है कि मैं स्वयं भी सरस्वती शिशु मंदिर का विद्यार्थी रहा हूँ और यहीं से मिले संस्कार आज मेरे जीवन पथ का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होने कहा कि विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। शिक्षकों की निष्ठा, प्रबंधन की दूरदर्शिता तथा विद्यार्थियों की प्रतिभा यह सिद्ध करती है कि सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मुख्यअतिथि ने विद्यालय प्रबंधन, आचार्यगण, विद्यार्थी एवं अभिभावकों को बधाई दी। इस अवसर पर रामजीलाल देवांगन व्यवस्था, दिलीप राजपूत अध्यक्ष स्कूल, ओपी चंद्रवंशी सरपंच, केदार साहू सरपंच प्रतिनिधि देहरी, योगेश चंदवंशी प्रतिनिधि गोपालभवना, हीराराम चंद्रवंशी बुथ अध्यक्ष, प्रवीण ठाकुर, भूपेंद्र चंद्रवंशी सदस्य स्कॉल, बालेश वैष्णव, डॉ शिव चंद्रवंशी, ईश्वरी चंद्रवंशी, मोती साहू, जितेंद चंद्राकर प्राचार्य सहित ग्रामीण जन तथा स्कूली बच्चे उपस्थित थे।




# कुण्डा में श्रीराम कथा का दिव्य आयोजन 7 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

श्रीराम कथा वह दिव्य सरिता है जिसमें स्नान कर आत्मा निर्मल तृप्त एवं जीवन मंगलमय हो जाता है। सरदार पब्लिक स्कूल कुण्डा के तत्वाधान में ग्राम कुण्डा की पावन धरा में 7 फरवरी 2026 शनिवार से 13 फरवरी 2026 शुक्रवार तक सात दिवसीय श्रीराम कथा का दिव्य आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें कथा व्यास ब्रम्हदेवाचार्य जगत गुरु उपाधि अलंकृत काशी बनारस 7 फरवरी से 13 फरवरी तक, पण्डित प्रकाश चंद्र पाण्डेय जौनपुर उत्तर प्रदेश 8 से 13 फरवरी तक, साध्वी डॉ.नीलम गायत्री मानस मणी राष्ट्रीय प्रवक्ता जानकी कुण्ड चित्रकूट सतना मध्यप्रदेश, पण्डित राजेंद्र प्रसाद शर्मा मानस भूषण छत्तीसगढ़ भाषा कथाकार भैंसों जांजगीर चांपा 7 से 11 फरवरी तक अपने मधुर विंदार मुख से श्रीराम कथा का श्रवणपान कराएंगे।

कथा का आयोजन यज्ञ स्थल थाना के सामने आयोजित होगा। कथा का समय दोपहर 01 बजे से शाम 07 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयोजक सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा पूर्व सरपंच, कुलदीप कौर छाबड़ा पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कुण्डा, हरदीप सिंह सलूजा पूर्व पंच सहित समस्त क्षेत्रवासियों एवं ग्रामवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आव्हान किया है।

## नाबालिग को दैहिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**कवर्धा।** पिपरिया थाना क्षेत्र से जुड़े नाबालिग के दैहिक शोषण के गंभीर मामले में कबीरधाम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले के आरोपी को महाराष्ट्र के नागपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी को मोबाइल लोकेशन के आधार पर दबोचा गया। पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर निवासी नाबालिग पीड़िता ने राजेंद्र नगर थाना में आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ने उसे बहला-फुसलाकर अपने गांव पिपरिया थाना क्षेत्र में लाया और वहां कई बार उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। घटना का क्षेत्राधिकार पिपरिया थाना का था, इसलिए राजेंद्र नगर थाना रायपुर में जीरो पर अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण को कबीरधाम जिले के पिपरिया थाना भेजा गया। प्रकरण प्राप्त होते ही पिपरिया पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी नागपुर के पास एक गांव में छिपा हुआ है। इसके बाद पिपरिया पुलिस की एक विशेष टीम गठित कर महाराष्ट्र भेजी गई, जहां घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी को पिपरिया लाकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 65(1)(बी) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है।

## पुलिस प्रशासन ने कबड्डी प्रतियोगिता में दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**कवर्धा।** पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह के निर्देश पर जिले में निरंतर जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना तरेगांव अंतर्गत ग्राम मगरवाड़ा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान कबीरधाम पुलिस के अधिकारी एवं जवान उपस्थित हुए। इस अवसर पर खेल मैदान में मौजूद खिलाड़ियों, ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों तथा समुदाय के लोगों को नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित जनसमूह को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे खेल और शिक्षा की ओर ध्यान दें तथा नशे से दूर रहें। कार्यक्रम के दौरान पुलिस द्वारा यातायात नियमों के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के महत्व, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, नशे की हालत में वाहन न चलाने, तेज गति से वाहन न चलाने तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, खिलाड़ी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने सामूहिक रूप से नशामुक्त समाज बनाने की शपथ ली। कबीरधाम पुलिस का यह प्रयास केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि समाज को जागरूक, सुरक्षित और स्वस्थ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। पुलिस विभाग द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी अभियान जारी रखे जाएंगे।

ग्रामवासियों की मांग पर 56 लाख से अधिक के कार्यों की मौके पर ही दी स्वीकृति

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने चौपाल लगाकर लोगों से किया जनसंवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज जिले के अंतिम छोर में सुदूर वनांचल में क्षेत्रों में पहुंचें। यहां उन्होंने चौपाल लगाई और ग्रामवासियों के साथ जमीन में बैठकर उनसे संवाद बातचीत की और उनकी मांगे और समस्याएं सुनीं। उन्होंने बैगा बाहुल्य ग्राम आमानारा, लरबक्की, कुकरापानी मे चौपाल लगाकर लोगों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने 56 लाख से अधिक के कार्यों की घोषणा की। वहीं ग्रामीणों की मांग पर दो स्थानों का प्रभार संभाल रहे सचिव को केवल आमानारा का ही प्रभार देने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आमानारा में कहा कि बीते दो वर्षों में ग्रामीण सुदूर क्षेत्रों में शासन की योजनाओं के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। इन दो वर्षों में इस बैगा बाहुल्य ग्राम आमनारा, लरबक्की और कुकरापानी में पीएम जनमन योजना के तहत बड़ी संख्या में आवास स्वीकृत हुए हैं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह 1 हजार रुपए की राशि दी जा रही है। गांव गांव में महिलाओं को राशि आहरण के लिए दूर बैंकों तक जाने की जरूरत न पड़े इसके लिए पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र खोले जा रहे हैं। इससे गांव में वृद्धावस्था और दिव्यांग पेंशन के साथ ही छात्रवृत्ति का आहरण किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि छात्रों के उन्नत शिक्षा के लिए स्कूलों में स्मार्ट क्लासेज लगवाए जा रहे हैं। लरबक्की स्कूल में भी स्मार्ट क्लास लगवाया गया है। जिसका लाभ यहां के छात्रों को मिलेगा। उन्होंने पीएम जनमन योजना का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह योजना चलाई जा रही है। इसके तहत शासन की योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। इनकी बसाहटों तक पक्की सड़कों की कनेक्टिविटी प्रदान की जा रही है। इसके तहत कबीरधाम जिले के बैगा बाहुल्य क्षेत्रों में पक्की सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर विदेशीराम धुर्वे, रामकिंकर वर्मा, विजय पाटिल, नंद श्रीवास, नितेश अग्रवाल, बिहारी धुर्वे, रूपसिंह धुर्वे, नरेश चंद्रवंशी, हेमचंद चंद्रवंशी, मोहन धुर्वे, राजेंद्र कुंजाम सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# टीचर्स एसोसिएशन जिले के चारों ब्लॉक में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को आज सौंपेगा ज्ञापन

- पूर्व सेवा गणना कर पुरानी पेंशन, क्रमोन्नति सहित अन्य मुद्दे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि शिक्षक संवर्ग के विभिन्न मांगों को लेकर चार फरवरी को अपरान्ह 4.15 बजे जिले के चारो ब्लॉक मुख्यालय कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया एवं स.लोहारा में एसडीएम के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री, शिक्षा सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

ब्लॉक मुख्यालय में ज्ञापन कार्यक्रम का नेतृत्व एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष केशलाल साहू कवर्धा, वकील बेग मिर्जा स.लोहारा, गोकुल जायसवाल बोड़ला एवं बलदाऊ चन्द्राकर पंडरिया करेंगे।

ज्ञापन में शामिल मांगों में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में रमेश चन्द्रवंशी एवं अन्य याचिकाओं में 23 जनवरी 2026 को पारित निर्णय के तहत पूर्व सेवा की गणना करते हुए संविलियन पूर्व सेवा को पेंशन योग्य सेवा मान्य करने का आदेश जारी करना, केंद्र सरकार के समान 33 वर्ष के बजाय 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा पर पूर्ण पुरानी पेंशन अर्थात 50 प्रतिशत का प्रावधान करना, दस वर्ष के बजाय पांच वर्ष की सेवा में न्यूनतम पुरानी पेंशन का प्रावधान करना, पदोन्नति से वंचित सहायक शिक्षक, शिक्षक को दस वर्ष की सेवा को एक बार शिथिल अर्थात वन टाइम रिलेक्सेशन कर पांच वर्ष में क्रमोन्नति देना, टेट की अनिवार्यता समाप्त करने हस्तक्षेप याचिका दायर करते हुए शिक्षा विभाग द्वारा विभागीय सीमित परीक्षा आयोजित कर शिक्षकों के हितों की रक्षा करना, डीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए 6 माह का बीएड ब्रिज कोर्स प्रारम्भ करना तथा मोबाइल वीएसके एप के स्थान पर बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति लेना शामिल है।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिले के समस्त शिक्षकों से अपने वाजिब हक व अधिकार का ज्ञापन सौंपने हेतु चार फरवरी को अपरान्ह 4:15 बजे अपने ब्लॉक मुख्यालय के एसडीएम कार्यालय में उपस्थिति का आव्हान किया है।

## सार समाचार

### हिंदू जागरण मंच ने मनाई जयंती

**राजनांदगांव।** संत शिरोमणि सद्गुरू रविदास की जयंती पर हिंदू जागरण मंच द्वारा तिरंगा चौक व गंज लाइन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की शुरूआत सद्गुरू रविदास के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित और दीप प्रज्वलन से की गई। मंच पर वक्ताओं ने सद्गुरू रविदास के जीवन, उनके विचारों और समाज सुधार में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि सद्गुरू रविदास का जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके विचारों को आत्मसात कर हम एक सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। समारोह के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सुशील लड्ढा, सविता बोस, प्रवीण शर्मा, प्रभात गुप्ता, राजू साओ, आनंद गुप्ता, महेंद्र जंघेल, हरीश भानुशाली, हितु व्यास, गोविंद साहू, मौसमी शर्मा, राज बहादुर सिंह, आशीष तिवारी, रोहित तिवारी, मनोज गोलछा, रूपचंद सोनी, मिट्ठू खाती, टिंकू सोनी, राकेश सेन, कालु भैया समेत अन्य लोग शामिल थे।

### जिला रजक समाज की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** जिला रजक समाज की बैठक विगत दिनों सामुदायिक भवन दीनदयाल नगर राजनांदगांव में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला रजक समाज के अध्यक्ष डॉ. एलआर निर्मलकर ने की। डॉ. निर्मलकर ने बताया कि पूर्व में 23 फरवरी को संत शिरोमणि पूज्य श्री संत गाडगे बाबा महाराज की जयंती के साथ सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित करना पड़ा। अब सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि होली मिलन समारोह, जयंती एवं वार्षिक सम्मेलन मार्च माह में आयोजित किया जाएगा। डॉ. निर्मलकर ने स्पष्ट किया कि 23 फरवरी को संत शिरोमणि पूज्य गाडगे बाबा महाराज की जयंती सामाजिक भवन दीनदयाल नगर राजनांदगांव में जिला पदाधिकारियों एवं समाजजनों की उपस्थिति में सादगीपूर्वक मनाई जाएगी। इस अवसर पर वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान भी आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला रजक समाज के मीडिया प्रभारी लोकेश रजक ने दी।

### सोनू बने भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष

**राजनांदगांव।** भीम आर्मी छत्तीसगढ़ की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक स्थानीय गुरुघासी दास सतनाम भवन नंदई में आयोजित की गई।



बैठक में जिलेभर में संगठन के विस्तार, मजबूती और सामाजिक संघर्षों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान सोनू उर्फ मुकेश शेंडे को राजनांदगांव जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। मुकेश शेंडे पूर्व में साईं सेना के प्रमुख पदाधिकारी रह चुके हैं और लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। भीम आर्मी छत्तीसगढ़ के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ उनका सतत संपर्क और संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखते उन्हें जिले की कमान सौंपी गई। बैठक में पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई। जिला उपाध्यक्ष अजय घोड़ेसवार, सुरेन्द्र मंडावी व रविन्द्र सिन्हा, जिला सचिव धर्मेन्द्र साखरे, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गौतम रावत, मनीष टेंभुरकर एवं गगन मेश्राम शामिल हैं। कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष दिनेश आज़ाद द्वारा की गई।

### समस्याओं का निराकरण

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत महोत्सव के अवसर पर कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिला कोषालय द्वारा व्यापक



शिविर का आयोजित कर जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के पेंशन एवं वेतन निर्धारण संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया। शिविर में संभागीय पेंशन कार्यालय दुर्ग की टीम द्वारा पेंशन एवं वेतन निर्धारण संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य पेंशनर्स की समस्याओं को सुनना एवं मौके पर तत्काल निराकरण करना और कर्मचारियों की वेतन विसगतियों का निराकरण करना था। शिविर में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डे, जिला कोषालय अधिकारी दिलीप सिंह, जिला कोषलाय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में राजनांदगांव जिले के अलावा खैरागढ-छुईखदान-गंडई एवं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे एवं प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया।

### महापौर ने वार्ड 44 और 45 का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** मूलभुत सुविधा बिजली, पानी, सफाई का हाल जानने महापौर मधुसूदन यादव द्वारा वार्डों में निरीक्षण कर वार्डवासियों से रूबरू होकर समस्या से अवगत हो रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को वार्ड नं. 44 व 45 के कौरिनभाठा, शिव कालोनी, गोकुलधाम सोसायटी, रिद्धी-सिद्धी कालोनी क्षेत्र में साफ-सफाई एवं निर्माण कार्य का महापौर श्री यादव ने सुबह पार्षद सेवक उईके व डुरेन्द्र साहू तथा निगम के तकनीकी एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ जायजा लेकर क्षेत्रवासियों से चर्चा की। महापौर श्री यादव ने कहा कि कचरा नाली व रोड में न डाले, बल्कि घर में ही कचरा पृथककर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदीयों को दें।




राष्ट्रीय पेंशन योजना का लाभ लेने महापौर ने की अपील

# श्रमयोगी मानधन योजना लांच, श्रमिकों और छोटे कारोबारियों को मिलेगी पेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत शासन श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु के पश्चात मासिक पेंशन प्रदाय करने के लिए प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना प्रारंभ की गई है। इसी प्रकार व्यापारियों और स्व-रोजगारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन योजना लागू की गई है। केन्द्र सरकार की उक्त दोनों योजना का महापौर मधुसूदन यादव ने निगम सीमाक्षेत्र निवासरत असंगठित श्रमिकों एवं छोटे व्यापारियों और स्व-रोजगारियों को ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ लेने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि 18 से 40 वर्ष आयु के असंगठित श्रमिक योजना में शामिल होकर 60 वर्ष की आयु के पश्चात प्रत्येक श्रमिक 3 हजार रुपए न्यूनतम पेंशन प्रतिमाह प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार छोटे व्यवसायी व स्व-रोजगारी भी योजना में शामिल होकर 60 वर्ष की आयु के पश्चात 3 हजार रुपए प्रतिमाह निश्चित पेंशन प्राप्त कर सकते हैं।

योजना के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में असंगठत श्रमिक जैसे फुटकर विक्रेता, रिक्शा चालक, निर्माण श्रमिक, घरेलू श्रमिक, कचरा बीनने वाले, कृषि श्रमिक, बीडी श्रमिक, मोची, हस्तकरधा श्रमिक, धोबी, चमड़े का काम करने वाले श्रमिक, अंतर्राज्यीय श्रमिक और इस तरह 125 व्यवसायों में कार्यरत श्रमिकों जिनकी मासिक आय 15000 रुपए से कम हो, योजना में शामिल होगे।

#### केंद्र सरकार देगी अंशदान

व्यापारियों एवं स्वरोजगारियों हेतु राष्ट्रीय पेंशन



योजना के संबंध में बताया कि यह योजना उन खुदना दुकानदारों, छोटे व्यापारियों और स्व-नियोजित व्यक्तियों जिनका वार्षिक कारोबार 1.50 करोड़ से अधिक न हो। केन्द्र सराकर ग्राहक के खाते में ग्राहक के बराबर राशि का अंशदान करती है तथा यह एक स्वेच्छिक योजना है। जिसमें ग्राहक को नियमित रूप से योगदान करना होता है। यह योजना नौकरी बदलने पर भी पोर्टेबल (साथ ले जाने योग्य) है। उन्होंने बताया कि इसका उद्धेश्य सेवानिवृत्ति के पश्चात व्यापारियों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। साथ ही ग्राहक की मृत्यु होने पर जीवनसाथी को पेंशन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलता है।

#### लोक सेवा केंद्र के जरिये पंजीयन

योजना का लाभ लेने आवेदन किसी भी नजदीकी लोकसेवा केन्द्र व च्वाईस सेंटर में अपना व नामित का आधार कार्ड, बैंक खाता एवं मोबाइल नम्बर ले जाकर किया जा सकता है।

#### नामित को मिलेगी पेंशन

इस योजना के तहत 55 से 200 तक अलग-अलग आयु समूह के अनुसार प्रतिमाह अंशदान देय होगा एवं अंशदान के बराबर की राशि भारत शासन श्रम मंत्रालय द्वारा देय होगी। योजना में शामिल श्रमिक की 60 वर्ष पूर्व मृत्यु हो जाने पर उसके नामित द्वारा निर्धारित अंशदान देय होगा एवं मृत्यु की स्थिति में नामित को 50 प्रतिशत पेंशन देय होगी। साथ ही यदि कोई अंशदाता 60 वर्ष की आयु के पूर्व योजना से बाहर होना चाहता है, तो उसे उस समय तक उसके खाते में जमा राशि नए ब्याज के साथ एकमुश्त वापस कर दिया जाएगा। योजना का क्रियान्वयन भारतीय जीवन बीमा के सहयोग से किया जाएगा।

### शिव महापुराण कथा का आयोजन 5 से

**राजनांदगांव।** ग्राम नाथूनवागांव में आगामी 5 से 13 फरवरी तक श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। ग्राम के टेकराम साहू व ग्राम प्रमुख रामचंद्र वर्मा ने बताया कि ग्राम के दुर्गा मंच के पास श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा। जिसमें कथावाचक तेजेश्वरानंद महाराज (राका) की मुखारविंद से महापुराण कथा सुनने का अवसर मिलेगा। 13 फरवरी को पुर्णाहुति के साथ भंडारा का भी आयोजन किया गया है।

### अप्रेंटिसशिप मेला 9 को

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना (एनएपीएस) के तहत 09 फरवरी को सुबह 9 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएएम) का आयोजन किया गया है। अप्रेंटिसशिप मेला में विभिन्न प्रतिष्ठानों को अप्रेंटिसशिप व प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित किया गया है। सभी शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ अप्रेंटिसशिप मेला में शामिल हो सकते हैं।

## मोपेड में ले जा रहे थे शराब दो शराब कोचिया पकड़ाए

**राजनांदगांव।** मोपेड़ में अवैध रूप से शराब ले जा रहे दो आरोपियों को पकड़कर पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से 48 पौवा देशी शराब एवं मोपेड जब्त किया गया है।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना बसंतपुर क्षेत्र में असामाजिक तत्वों एवं शराब कोचियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

#### मोहारा ओवरब्रिज के नीचे पकड़ाए

अभियान के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि मोहारा ओवरब्रिज के नीचे दो व्यक्ति ग्रे-रंग की जुपिटर वाहन से अवैध शराब बिक्री हेतु ले जा रहे हैं। सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर दोनों व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम अविनाश उर्फ मोनू गुप्ता एवं सूरज जांगड़े बताया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें अवैध रूप से शराब रखी हुई पाई गई, जिस पर थाना बसंतपुर में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों के कब्जे से 48 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 3,840 तथा घटना में प्रयुक्त मोपेड को जब्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## घोटाले को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ पीड़ितों को न्याय की मांग

नगर निगम व शहर से जुड़े गंभीर व संवेदनशील समस्याओं को लेकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर के नाम एडीएम सीएल मारकंडे को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से नगर निगम के सफाई कर्मचारियों का लंबित वेतन, मेडिकल कॉलेज के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की श्रम सम्मान निधि और चिटफंड कंपनी द्वारा की गई ठगी के मामलों को प्रमुखता से उठाया गया।

जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि नगर निगम के नियमित व मस्टररोल सफाई कर्मचारियों को विगत दो माह से वेतन नहीं मिला है। कांग्रेस ने मांग की कि इस मामले में तत्काल संज्ञान लेकर वेतन भुगतान की व्यवस्था की जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को विगत 11 माह से श्रम सम्मान निधि का भुगतान नहीं किया गया है। इसके



अलावा चिटफंड कंपनी एव्हीएम रियल स्टेट एंड एलाइड लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल साहू की चल-अचल संपत्ति और बैंक खातों की जांच कर उन्हें कुर्क किया जाए तथा प्रभावित निवेशकों को उनकी राशि वापस दिलाए जाने की मांग की गई।

इस दौरान रूपेश दुबे, कमलजीत सिंह पिंटू, सूर्यकांत जैन, एनी माखिजा, अशोक पंजवानी, विनय झा, राजेश चंपू गुप्ता, मनीष गौतम, डॉ. अरूण देवांगन, मोहनीश धनकर, शुभम पांडे, मोहम्मद इब्राहिम, राजिक सोलंकी, नितिन बत्रा, कुलदीप कुरंजेकर, ऑफताब अहमद, अभिमन्यु मिश्रा आदि उपस्थित थे।

#### श्रम सम्मान निधि रोकी जा रही

इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह के निर्वाचन क्षेत्र में नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की ये स्थिति है, उन्हें वेतन नहीं मिल पा रहा। ट्रिपल इंजन की सरकार में दैवेभो कर्मियों की श्रम सम्मान निधि रोकी जा रही है। डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्री कार्यकाल में हजारों ग्रामीण चिटफंड में ठगे गए और आज तक वे अपनी बचत वापस पाने संघर्ष कर रहे हैं। भाजपा सरकार ने उनके लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनहित से जुड़े इन मुद्दों पर चुप नहीं बैठेगी और जब तक पीड़ितों को न्याय नहीं मिलेगा, संघर्ष जारी रहेगा।

## सामूहिक विवाह में समाज बना घराती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर देवांगन समाज के मां परमेश्वरी महोत्सव में रविवार को दो निर्धन कन्याओं का विवाह कराया गया। सतनाम भवन में कराए गए आदर्श विवाह में समाज ने घराती बनकर बारातियों का स्वागत किया। गुदुम बाजा के साथ बारात को जीई रोड पर घुमाया गया। बाद में रीति-रिवाज के साथ मंडप पर विवाह संपन्न कराया गया। समाज की तरफ से दोनों नवविवाहित जोड़ों को उपहार के रूप में घरेलू सामान दिए गए।

समाज के संरक्षक दयावान देवांगन व अध्यक्ष शोभाराम देवांगन ने बताया कि महोत्सव में हर वर्ग की सहभागिता रही। आदर्श विवाह में समाज की परंपरा के अनुसार सारे नेग कराए गए। बारातियों का स्वागत भी पारंपरिक ढंग से गुदुम बाजा के साथ किया गया। आयोजन स्थल से परघौनी करते बैला पसरा से गुरुद्वारा चौक होकर वापस सतनाम भवन में विवाह संपन्न कराया गया। दोनों जोड़ों को बर्तन, कपड़े आदि उपहार के रूप में दिए गए।




#### महोत्सव का शुभारंभ

सुबह 10 बजे पूजा-आरती के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ, फिर परिचय सम्मेलन, डांस और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता के बाद रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई। दोपहर 2 बजे उद्घाटन सत्र में महापौर मधुसूदन यादव और पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद दिया।

#### प्रतिभावान बच्चों का सम्मान

समापन सत्र में खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन मुख्य अतिथि रहे। पूर्व महापौर हेमा देशमुख, रमेश डाकलिया, अशोक फड़नवीस, पप्पू धकेता, झम्मन देवांगन, अनिस खान, सूरज शर्मा व नवीन जायसवाल भी मंचस्थ रहे। खेल व मनोरंजन कार्यक्रम कराए गए। बच्चों का रिकार्डिंग डांस, कुर्सी दौड़ व अन्य गतिविधियां भी शामिल रही। समाज के वरिष्ठजनों के साथ ही प्रतिभावान बच्चों को भी सम्मानित किया गया।

## सौगात : नर्सिंग कौशल कॉलेज में एएनएम प्रशिक्षण को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजनांदगांव सहित प्रदेश के आठ जिलों में नर्सिंग कौशल कॉलेजों में एएनएम प्रशिक्षण की अनुमति प्रदान की गई है। शासन के इस निर्णय से राजनांदगांव के युवाओं के लिए स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर मिल जाएंगे। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर राजनांदगांव विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राजनांदगांव जैसे शिक्षात्मक और सामाजिक दृष्टि से अग्रणी जिले में एएनएम नर्सिंग कौशल कॉलेज को अनुमति मिलना क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता की पूर्ति है।

#### 120 विद्यार्थियों को मिलेगा प्रवेश

शैक्षणिक सत्र 2025–26 से 120 विद्यार्थियों की प्रवेश क्षमता के साथ संचालित होने वाला यह संस्थान जिले के युवाओं, विशेषकर ग्रामीण एवं मध्यमवर्गीय परिवारों से आने वाले विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य शिक्षा प्राप्त करने का अवसर देगा।

#### नहीं जाना होगा दूसरे शहर

विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि अब राजनांदगांव के युवाओं को नर्सिंग जैसी व्यावसायिक और सम्मानजनक शिक्षा के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण उपलब्ध होने से न केवल शैक्षणिक खर्च कम होगा, बल्कि विद्यार्थियों को अपने सामाजिक-पारिवारिक परिवेश में रहकर अध्ययन करने का अवसर भी मिलेगा।

#### विस अध्यक्ष ने सीएम का जताया आभार

विधानसभा अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की संवेदनशील सोच के कारण आज राजनांदगांव सहित प्रदेश के कई जिलों के युवाओं को स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिला है। यह निर्णय युवाओं के कौशल विकास के साथ-साथ भविष्य में सशक्त स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत नींव रखेगा।

## एडवेंचर कैंप, बच्चों ने सीखा प्राकृतिक अनुशासन

### अजीज पब्लिक स्कूल की रही सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पर्यावरण, साहसिक गतिविधियों और जीवन कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इकोवीरा इंडिया एवं वन समिति द्वारा स्काउट गाइड विद्यार्थियों के लिए पहली बार दो दिवसीय स्काउट एंड गाइड हाइकिंग, ट्रेकिंग एन्ड एडवेंचर कैंप का आयोजन किया गया।

यह कैंप डंगोरा मैकल सनराइज पॉइंट ढारा, डोंगरगढ़ में आयोजित हुआ। जिसमें अजीज पब्लिक स्कूल इंदामारा ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कैंप के दौरान स्काउट एवं गाइड द्वारा फ्लैग होस्टिंग की गई। शिविर के अंतर्गत विद्यार्थियों को मार्ग चिन्हों की पहचान, छुपे संदेशों को खोजने, ट्रेक के नक्शों को समझने, दिशा-निर्देशन तथा ट्रेक के दौरान चलने के सही तरीके और सुरक्षा नियमों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

#### बच्चों को मिला कौशल प्रशिक्षण

कैम्प में बच्चों ने बिना बर्तन के भोजन बनाना, आग जलाना, भोजन को सुरक्षित रखना, पायनियरिंग प्रोजेक्ट तथा आपातकालीन स्थिति में त्वरित टेंट लगाना जैसे महत्वपूर्ण कौशल सीखे। इस शिविर में एडवेंचर इक्विपमेंट्स का बेसिक नॉलेज भी दिया गया। जिसमें रोप, हार्नेस, कैरबीनर, हेलमेट, डिसेंडर, मिटन, कम्पास आदि के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई।



#### प्रकृति के प्रति हुआ जुड़ाव

एडवेंचर शिविर में बच्चों को शारीरिक मजबूती, ऊंचाई के अनुसार स्वयं को ढालना, बाहरी खतरों से निपटना तथा प्राथमिक उपचार का भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रकृति से जुड़ाव, पौधों-जानवरों एवं मौसम की समझ तथा पर्यावरण संरक्षण की लीव नो ट्रेस आदत पर विशेष जोर दिया गया। शिविर में विद्यालय की ओर से गाइड इंचार्ज फलक फरजाना, स्काउट इंचार्ज खोमेंद्र साहू तथा सहायक शिक्षक हर्षित साहू, दिनेश निषाद एवं रूपाली डड़सेना उपस्थित रहे। कार्यक्रम को प्राचार्य सचिनपाल सिंह ठाकुर, डायरेक्टर तनाज अजीज एवं मेंटर फरजाना दानिश का मार्गदर्शन एवं संरक्षण प्राप्त हुआ।

#### बच्चों में बढ़ा आत्मविश्वास

इकोवीरा इंडिया के संस्थापक प्रमेश विजयवार ने बताया कि आज के समय में बच्चों को केवल कक्षा तक सीमित न रखते हुए उन्हें प्रकृति, अनुशासन और आत्मनिर्भरता से जोड़ना बेहद जरूरी है। ऐसे एडवेंचर कैंप बच्चों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि इकोवीरा इंडिया भविष्य में अन्य स्कूलों के स्काउट-गाइड एवं विद्यार्थियों के लिए भी ऐसे शिविर आयोजित करेगा, ताकि अधिक से अधिक बच्चे इस अनुभव का लाभ उठा सकें। प्रतिभागी विद्यार्थियों ने इस शिविर में अनुशासन, साहस और प्रकृति के अनुकूल जीवन की सीख ली।

### कांग्रेस की बैठक आज

**अंबागढ़ चौकी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने बताया कि अम्बागढ़ चौकी ब्लॉक के कांग्रेस कमेटी के गठन के लिए आवश्यक बैठक कल 4 फरवरी को दोपहर 12 बजे चौकी रेस्ट हाउस में रखी गयी है। जिसमे खुज्जी विधानसभा के विधायक भोलाराम साहू के मार्गदर्शन में बैठक रखी गयी है। इस बैठक में जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत के सदस्य, पार्षद, युवा कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, वरिष्ट कांग्रेसी एवं अन्य कांग्रेस सदस्य की उपस्थिति रहेगी। साथ ही सभी कांग्रेस पार्टी के सदस्यों से अपील की गई कि अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित हो।

